शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 100 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश


www.akhandbharatsandesh.net


प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 06 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पीएम मोदी ने रामलला के दरबार में टेका माथा

### अयोध्या में पीएम ने रामलला के दर्शन किए: आरती उतारी, दंडवत प्रणाम किया; 'रामपथ' पर खुली जीप में रोड शो किया





### अयोध्या के सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के पक्ष में पीएम मोदी-सीएम योगी ने किया रोड शो

**अयोध्या/एजेंसी**
बीते वर्ष 2023 में 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या में हजारों करोड़ की सौगात देने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रोड शो किया था। इसके बाद 22 जनवरी 2024 को श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में पहुंचे। ऐसे में 05 मई 2024 को एक बार फिर नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश के सारथी योगी आदित्यनाथ संग सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए रोड शो करने पहुंचे। अंतर बस इतना था कि तब अयोध्या को करोड़ों की सौगात मिली थी और इस बार मोदी-योगी ने अयोध्या से फिर रिकॉर्डतोड़ जीत की आस लगाई। तब पीएम मोदी का रोड शो लता चौक से रेलवे स्टेशन तक गया था। इस बार रोड शो राम मंदिर की तरफ से लता चौक पहुंचा। दो किमी. के इस रोड में लगभग एक घंटे से अधिक का समय लग गया। नव्य अयोध्या के "नायकों" को देख रामनगरी ने उनके स्वागत में "अगाध प्रेम की डुबकी" लगाई।

**सुग्रीव चौक से लता चौक तक निकला रोड शो**
रथ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अयोध्या सांसद-प्रत्याशी लल्लू सिंह सवार रहे। रोड शो सुग्रीव चौक से लता चौक (लगभग दो किमी.) तक निकला। सुग्रीव किला से प्रारंभ रोड शो राम मंदिर के मुख्य द्वार, रामपथ होते हुए लता चौक पहुंचा। दो किमी. की दूरी तय करने में लगभग एक घंटे से अधिक समय लग गया। इस दौरान पूरी अयोध्या जगमगाती रही। रोड शो में शामिल आंखें मानो बोल रही थीं कि अयोध्या में सिर्फ भगवान, भगवा और भाजपा रहेगी। इन लोगों ने विश्वास दिलाया कि जो राम को लाए हैं, हम उनको ही लाएंगे। पूरे रास्ते लोग मोदी-योगी के समर्थन में नारे लगा रहे थे तो यह दोनों नेता हाथ जोड़ अभिवादन भी कर रहे थे और कमल का फूल दिखाकर वोट की अपील भी। लता चौक पहुंचने के बाद मोदी-योगी ने कुछ दूर पैदल चल कर भी आमजन की हौसलाअफजाई की।


### रामनगरी के दिलोदिमाग पर फिर छाई मोदी-योगी की जोड़ी



**महज** छह महीने के भीतर नरेन्द्र मोदी तीसरी बार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अनगिनत बार रामनगरी पहुंचे। बारम्बार योगी आदित्यनाथ हनुमानगढ़ी और रामलला सरकार के चरणों में श्रद्धा निवेदित करते हैं। 500 वर्ष बाद भारत को यह सौभाग्य मिला कि राघव अपनी अयोध्या में विराजमान हुए। अवध में होली खेली तो आंगन में जन्मोत्सव भी मनाया। पूरा देश यह अवसर उपलब्ध कराने का सारथी मोदी-योगी को मानता है। आज जब फिर अयोध्यावासियों ने इनका दीदार किया तो दिल से कह उठे, मोदी-योगी जी को जयश्रीराम। रविवार को जब मोदी-योगी की जोड़ी दिखी तो फिर रामनगरी के दिलोदिमाग पर छा गई। रोड शो के रास्ते में कहीं शंख की पुरजोर ध्वनि गूंज रही थी तो कहीं महिलाएं मोदी की आरती उतार रही थीं। कलाकारों ने नृत्य के माध्यम से अवध की संस्कृति की झलक भी दिखाई।

**सरयू सरिता करे पुकार, मोदी बारम्बार**
रोड शो में रथ के आगे-आगे भगवा व भाजपा के रंग में रंगी महिलाएं चल रही थीं। वहीं सड़क के दोनों तरफ हुजूम उमड़ा था।

### अयोध्या ने बता दिया 'कमल' पर आई हैं 'विकास की लक्ष्मी'



**यह** हुजूम सिर्फ अयोध्या या आसपास के क्षेत्रों का नहीं था, बल्कि यहां दर्शन करने आए दूसरे राज्यों व जनपदों के लोग भी मोदी-योगी की एक झलक पाने को आतुर दिखे। रास्ते में लिखे शब्द सरयू सरिता करे पुकार, मोदी जी बारम्बार अयोध्यावासियों के प्रेम को दर्शा रहे थे। भीड़ इतनी जबर्दस्त थी कि तिल तक रखने की जगह नहीं थी। वहीं बच्चे-बुजुर्ग से लेकर महिला-युवा तक दोनों जननेताओं की छवि मोबाइल में कैद करने को बेताब दिखे।

अयोध्या एक मात्र ऐसा जनपद है, जहां लगभग 32 हजार करोड़ रुपये से अधिक के काम एक साथ चल रहे हैं। यहां विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बना तो महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सौगात भी मिली यानी कमल पर बैठकर विकास रूपी लक्ष्मी यहां पहले ही आ चुकी हैं। यह तेजी से पूरे अयोध्या में फैल रही है। रोड शो के दौरान जगमगाती इमारतें, आसपास के क्षेत्र भी इस बात की गवाही दे रहे थे। भाजपा का संदेश "विकास भी-विरासत भी" का नजारा अयोध्या में बखूबी दिख रहा था।

### देवेन्द्र यादव ने संभाली दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली/एजेंसी**
दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने रविवार को प्रदेश मुख्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने अरविंदर सिंह लवली का स्थान लिया है। लवली ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। पदभार ग्रहण करने के बाद यादव ने दावा किया कि आईएनडीआईए दिल्ली में सभी सातों सीटों पर जीतेगा। वे दिल्ली में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। यादव के कार्यभार ग्रहण करने के कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी भी मौजूद थे। लवली के इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस ने पंजाब के प्रभारी देवेन्द्र यादव को दिल्ली प्रदेश इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि लवली ने आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन, पार्टी के दो लोकसभा उम्मीदवारों और प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया के व्यवहार से नाराजगी जताते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। उनका इस्तीफा पार्टी ने उसी दिन स्वीकार भी कर लिया था। दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन कर चुनाव लड़ रही हैं। देवेन्द्र यादव साल 2008 से 2013 तक बादली विधानसभा सीट से विधायक रहे हैं। वह कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी के भी सदस्य हैं।

### ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती: भारत

**नई दिल्ली/एजेंसी**
भारत ने कहा है कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती है। साथ ही इस बात को रेखांकित किया कि अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद में अंतर नहीं किया जा सकता है। फ्रांस के ल्योन में नेशनल सेंट्रल ब्यूरो के प्रमुखों के हाल ही में संपन्न 19वें इंटरपोल सम्मेलन में सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने सम्मेलन में संगठित अपराध, आतंकवाद और चरमपंथी विचारधाराओं के बीच साठगांठ से उत्पन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला। सूद ने कहा, ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने स्पष्ट रूप से सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा की और कहा कि अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं किया जा सकता।

## राहुल ने रोहित वेमुला की आत्महत्या का 'राजनीतिकरण' किया: निर्मला सीतारमण



**पुणे/एजेंसी**
**केंद्रीय** मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र रोहित वेमुला की आत्महत्या का 'राजनीतिकरण' करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। रोहित ने वर्ष 2016 में आत्महत्या की थी। पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस शासित राज्य में अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दायर किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रोहित दलित नहीं था। उसके पास एससी (अनुसूचित जाति) का फर्जी प्रमाण पत्र था। रोहित को डर था कि उसकी 'वास्तविक पहचान' उजागर हो जाएगी। लेकिन कांग्रेस ने सार्वजनिक रूप से मुद्दे का राजनीतिकरण करने की कोशिश की थी। संसद में राहुल गांधी ने बयान दिया कि रोहित पर दबाव डाला गया।

**राहुल को भाषणों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए**
सीतारमण ने कहा, राहुल को उस समय लोकसभा में दिए गए अपने भाषणों को सुनना चाहिए और देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्हें एससी समुदाय से भी माफी मांगनी चाहिए।

## राहुल गांधी देश का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं: अमित शाह




**धर्मावरम/एजेंसी**
**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीए की एक रैली को** आंध्र प्रदेश में संबोधित किया। अपने संबोधन में अमित शाह ने विश्वास जताया कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सीटों के आंकड़े की ओर बढ़ेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने यह भी कहा कि पहले दो दौर के मतदान के बाद भाजपा को मिली सीटों की संख्या 100 से अधिक हो जाएगी। रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पर आंध्र प्रदेश में भ्रष्टाचार और अपराध को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

**'राहुल गांधी देश का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं':** भारतीय गठबंधन के सहयोगियों का मजाक उड़ाते हुए, शाह ने कहा कि राहुल गांधी सहित कोई भी भारतीय ब्लॉक नेता देश का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं है। जबकि दूसरी ओर, पूरे देश ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का फैसला किया है।

**शाह ने की जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना:** वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा, तेलुगु देशम पार्टी और अभिनेता पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जनसेना ने गुंडों और अपराधियों के कथित शासन, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और रेत माफिया को समाप्त करने के लिए गठबंधन बनाया

## जर्मनी के सहयोग से भारत में बनाई जाएंगी छह आधुनिक स्वदेशी पनडुब्बियां



### भारतीय नौसेना ने 60 हजार करोड़ रुपये के टेंडर जारी करके शुरू की प्रक्रिया

**नई दिल्ली/एजेंसी**
जर्मन पनडुब्बी निर्माता कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स के सहयोग से भारतीय नौसेना के लिए छह अत्यधिक उन्नत पनडुब्बियों का निर्माण भारत में ही किया जाएगा। भारतीय नौसेना को 2020 से ही छह पनडुब्बियों के लिए विदेशी पार्टनर की तलाश थी। अब इन छह पनडुब्बियों का निर्माण भारतीय शिपयार्ड मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड में लार्सन एंड टुब्रो की साझेदारी में किया जाना फाइनल हो गया है।

नौसेना ने इसके लिए 60 हजार करोड़ रुपये के टेंडर जारी करके पनडुब्बियों के निर्माण के लिए परीक्षण शुरू कर दिया है।

पारंपरिक पनडुब्बी बेड़े के आधुनिकीकरण की दिशा में काम कर रही भारतीय नौसेना ने विदेशी विक्रेताओं के साथ भारतीय साझेदारी में छह पनडुब्बियों के निर्माण के लिए भारतीय शिपयार्ड मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड और लार्सन एंड टुब्रो को निविदा जारी की है। जर्मन कंपनी मेगा थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स टेंडर के लिए भारतीय रक्षा मंत्रालय के शिपयार्ड मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) के साथ साझेदारी कर रही है। यह प्रक्रिया इस साल मार्च में शुरू हुई थी, जब नौसेना की एक टीम ने जर्मन एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन प्रणाली देखने के लिए जर्मनी का दौरा किया था।

## ममता बनर्जी 'मजबूर सरकार' चाहती हैं: नड्डा



**कोलकाता/एजेंसी**
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी पर जोरदार हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह केंद्र में ऐसी सरकार चाहती हैं जो आतंकवाद को लेकर नरम रुख अपनाए। लोकसभा चुनाव को लेकर बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर में रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने दावा किया कि राज्य में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल सरकार भ्रष्टाचार, जबरन वसूली, तुष्टीकरण और भेदभाव के लिए जानी जाती है। उन्होंने कहा कि हम मजबूत सरकार की बात करते हैं, लेकिन ममता बनर्जी 'मजबूर सरकार' चाहती हैं।

हम तुष्टीकरण की उनकी राजनीति के खिलाफ हैं जो घुसपैठियों का समर्थन करती है और सीएए का विरोध करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता सरकार व तृणमूल को आतंकवादियों से सहानुभूति है। ममता दिल्ली में ऐसी सरकार चाहती हैं जो तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार एवं भेदभाव में विश्वास रखती हो और आतंकवादियों के प्रति नरम रुख अपनाती हो।

## भाजपा ने संदेशखाली की घटनाओं दिया अंजाम: ममता

**कोलकाता/एजेंसी**
**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भाजपा पर राज्य को बदनाम करने के लिए संदेशखाली की घटनाओं को अंजाम देने का आरोप लगाया, जहां तृणमूल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आए हैं। टीएमसी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें दावा किया गया कि यह फुटेज उसके रुख की पुष्टि करता है कि संदेशखाली प्रकरण के पीछे भाजपा का हाथ था। बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट किया, "मैं लंबे समय से कह रही थी कि भाजपा संदेशखाली घटना को अंजाम देकर बंगाल की छवि खराब करने की कोशिश कर रही है।" उन्होंने पोस्ट में कहा, "स्टिंग ऑपरेशन में 'बांग्ला-बिरोधियों' का असली चेहरा सामने आया है। उन्होंने मेरी माताओं और बहनों की भावनाओं के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की है।

## लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का प्रचार थमा, मंगलवार को वोटिंग



**नई दिल्ली/एजेंसी**
**लोकसभा** चुनाव के तीसरे चरण का प्रचार रविवार शाम को थम गया। इस चरण में 11 राज्यों की 92 लोकसभा सीटों पर कुल 1331 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें मध्य प्रदेश की बैतूल सीट के आठ उम्मीदवार भी हैं। तीसरे चरण के चुनाव में गृहमंत्री अमित शाह (गांधीनगर), केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया (गुना), केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी (धारवाड़), शिवराज सिंह चौहान (विदिशा), सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव (मैनपुरी), कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी (बेहरामपुर), एआईयूएफ के नेता बदरुद्दीन अजमल (धुबरी), कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह (राजगढ़), एनसीपी नेता शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले (बारामती) समेत कई दिग्गजों के भाग्य का फैसला होगा।

**इन सीटों पर होगा मतदान**
असम की धुबरी, कोकराझार, बारपेटा और गुवाहाटी। बिहार की झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया। छत्तीसगढ़ की सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर। गोवा की दोनों उत्तरी गोवा और दक्षिणी गोवा। गुजरात की 26 में से 25 सीटों- कच्छ, बनासकांठा, पाटन, महेसाणा, साबरकांठा, गांधीनगर, अहमदाबाद पूर्व, अहमदाबाद पश्चिम, सुरेंद्रनगर, राजकोट, पोरबंदर, जामनगर, जूनागढ़, अमरेली, भावनगर, आनंद, खेड़ा, पंचमहल, दाहोद, वडोदरा, छोटा उदयपुर, भरूच , बारडोली, नवसारी और वलसाड में मतदान होगा।

सूरत में भाजपा उम्मीदवार ने निर्विरोध जीत दर्ज की है। कर्नाटक की चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर, गुलबर्गा, रायचूर, बीदर, कोप्पल, बेल्लारी, हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और शिमोगा। मध्य प्रदेश की भिंड, भोपाल, गुना, ग्वालियर, मुरैना, राजगढ़, सागर, विदिशा और बैतूल। बैतूल में मतदान बसपा प्रत्याशी के निधन के कारण दूसरे से तीसरे चरण में स्थानांतरित किया गया था। महाराष्ट्र की बारामती, रायगढ़, उस्मानाबाद, लातूर (एससी), सोलापुर (एससी), माधा, सांगली, सतारा, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर और हटकनंगले। उत्तर प्रदेश की संभल, हाथरस, आगरा (एससी), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूँ, आंवला और बरेली। पश्चिम बंगाल की मालदाहा उत्तर, मालदाहा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद। तीसरे चरण में घोषित जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट पर मतदान को 25 मई को पांचवे चरण में कराया जाएगा।

# किशोरी की लाश से फैली सनसनी, सिर पर चोट के निशान, शिनाख्त में जुटे अफसर

**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** क्षेत्र के ओठगी गाँव से बघला पूरवा पहाड़ की ओर जाने वाली मार्ग पर एक किशोरी की लाश से मिलने से सनसनी फैल गई। किशोरी के उसके चेहरे और सिर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस अफसरों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। लालापुर थाना क्षेत्र ओठगी वासिंग पून्ट की तरफ रास्ते में अज्ञात किशोरी का शव मिलने से सनसनी फैल गई। वहीं, सूचना मिलने पर लालापुर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और शव को कब्जे लेकर जांच शुरू की। लालापुर से बारा जाने वाले रास्ते के बीच पर वासिंग पून्ट की ओर रास्ते पर एक किशोरी की लाश मिली है। वहीं, सुबह वासिंग प्वांट की ओर राहगीरों ने रोड पर किशोरी का शव होने की जानकारी ग्रामीणों और पुलिस को दी। सूचना मिलने पर सीओ संतलाल,थानाध्यक्ष अजय मिश्रा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने किशोरी के शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, किशोरी के



चेहरे और सिर पर चोट के निशान हैं। पुलिस ने हत्या की आशंका के चलते डॉग स्क्वायड टीम के साथ घटनास्थल के आस-पास पर कांबिंग अभियान भी चलाया। जांच पड़ताल के बाद किशोरी के शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।कुछ देर बाद जंगल में एक बाइक पड़ी होने की सूचना मिली तो लालापुर पुलिस बाइक के मालिक का पता लगाने में जुट गई।बाइक कौशांबी जनपद के पिपरी थाना क्षेत्र के जवई गांव निवासी की बताई गई।कुछ घंटे में पुलिस ने किशोरी का पता लगा लिया।मृतका किशोरी माया देवी (17) वर्ष पुत्री मूलचंद्र की बताई गई।लालापुर पुलिस ने परिजनों को बुलाकर घटना की जानकारी दिया।उधर जवई गांव में चर्चा है कि किशोरी का एक लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था,घरवालों ने कई बार मना किया लेकिन नहीं मान रही थी।कल शाम को पिता मूलचंद्र और दादा हरिश्चंद्र माया को बाइक पर बैठाकर यमुनापार ले गये थे फिर घर नहीं लौटे।पुलिस इस विषय पर भी मंथन करने में जुटी है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मेजा में प्रवेश प्रारंभ

**मेजा।** विगत वर्षों की भांति शैक्षणिक सत्र 2024/25 में भी स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने हेतु दिशा निर्देश दिए गए हैं शिक्षा के मौलिक अधिकार के तहत प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनी करण की दृष्टि से जनपद के मेजा तहसील स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 11 से 14 वर्ष की ऐसी बालिकाएं जो कभी विद्यालय न गई हों अथवा जिनकी किन्हीं कारणों से विद्यालय की शिक्षा बीच में ही छूट गई हो का कक्षा 6 से कक्षा 12 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उक्त आशय की जानकारी मेजा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डेन श्रीमती सितांजली गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय में बाल अधिकार सुरक्षा स्वच्छता प्रवेश शिक्षण आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था निःशुल्क होने के साथ साथ रहन सहन खान पीन खेल कूद टीईटी उत्तीर्ण शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षण की व्यवस्था के अलावा सरकार द्वारा संचालित दर्जनों अन्य प्रकार की सुविधांए भी निःशुल्क हैं। इतना ही नहीं श्रीमती गुप्ता ने यह भी बताया कि कक्षा 9 में 40 छात्राओं के लिए स्थान रिक्त है जबकि कक्षा 6 के लिए 20 रिक्त नामांकन हैं। उन्होंने क्षेत्र की सभी ऐसी छात्राओं से समय रहते नामांकन कराने और शिक्षा ग्रहण करने की अपील किया है।

# शंकरगढ में भीषण सड़क हादसे में चाचा,भतीजे की मौत,मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**बारा/शंकरगढ।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के गाढ़ा कटरा में एक पेट्रोल पंप पर मोटरसाइकिल में तेल भरवा कर जा रहे चाचा,भतीजे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।लोगों के मुताबिक सड़क पर पहुंचते ही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल चाचा की रास्ते में मौत हो गई। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के प्रयागराज बांदा राजमार्ग पर गाढ़ा कटरा के पास शाम करीब 4.30 बजे क्षेत्र के ही बेनीपुर का श्याम कुमार पाल उर्फ कल्लू पाल 50 वर्ष पुत्र रामदेव पाल अपने भतीजे विवेक पाल 19 वर्ष पुत्र बैजनाथ पाल के साथ कहीं जा रहे थे। गाड़ी विवेक चला रहा था।वह गाढ़ा कटरा के पास स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने के बाद जैसे ही मोटरसाइकिल लेकर सड़क पर आ रहे थे कि ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गई।विवेक पाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि श्याम कुमार पाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी होने पर एसओ ओम प्रकाश हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा 108 एम्बुलेंस को बुलाकर दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ ले आए। जहां पर डॉक्टर ने विवेक पाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं श्याम कुमार पाल की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी परिजनों को होने पर विवेक की मां रोते बिलखते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर बेटे की लाश लिपट कर दहाड़े मार कर रोने लगी। विवेक की अभी शादी नहीं हुई थी। शंकरगढ पुलिस ने लाश का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# विकास से कोसों दूर थरी गांव मतदान बहिष्कार पर राजस्व टीम पहुंची गांव

**करछना।** थरी अहिरान गांव के लोग पहले वोट का बहिष्कार करने का लिया था फैसला पर थरी अहिरान बस्ती में करछना नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचकर गांव के लोगों से किया अपील और किया जागरूक और गांव के लोग माने गांव के लोगों ने कहा काली सड़क व नाली जो कि थरी अहिरान बस्ती से होते हुए महोरी, खाईं, बरदहा सम्पर्क मार्ग में मिलातीं है अगर यह सड़क बनेंगी तभी गांव का विकास होगा तो हम लोग खुशी-खुशी अपना मतदान करेंगे और गांव के लोगों ने मान लिया की अब विकास हो कर रहेगा लोगों में बना चर्चा का विषय करछना नायब तहसीलदार संतोष ने लोगों से हाथ जोड़कर यह अपील किया कि आने वाले समय में गांव का विकास होना तय है और विकास के हर पहलुओं को देखते हुए लोग यह बोले कि अब किसकी सरकार में विकास होगा और कौन नेता मंत्री



विधायक और सांसद कौन विकास कर सकता है और कितने नेता आगे गांव का विकास करेंगे गांव की हर गली का और गांव के लोगों ने हाथ जोड़कर नायब तहसीलदार संतोष ने गांव के उज्जवल भविष्य के बारे में संज्ञान लेते हुए आगे विकास के बारे में लोगों को किया जागरूक और गांव के लोगों ने नायब तहसीलदार संतोष का स्वागत व सम्मान किया और उनसे बहुत खुशी जाहिर करते हुए गांव के लोग एप्लीकेशन पर साइन कर उन्हें विश्वास दिलाया कि आने वाले 25 मई 2024 को हम अपना कीमती वोट मतदान केंद्र पर जाकर स्वेच्छा अनुसार अपना वोट डालेंगे और गांव के लोगों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे और गांव के लोग अपने मतदान का सही तरीक़े से इस्तेमाल करेंगे।


## बिजली विभाग के संविदा कर्मी की पिटाई , शिकायत पत्र देकर करवाई की मांग

**भटपुरा गांव निवासी को बनाया अभियुक्त ,ग्रामीणों में आक्रोश**

**लालापुर।** क्षेत्र के लालापुर उपकेंद्र में तैनात एक संविदा कर्मी नौढ़िया तरहार की बिजली ठीक करने गया था।किसी बात को लेकर संविदा कर्मी व ग्रामीणों में विवाद हो गया।जिस पर इकट्ठा होकर ग्रामीणों ने संविदाकर्मी की पिटाई कर दिया।उक्त घटना की जानकारी संविदाकर्मी ने जेई शिवधर यादव व अन्य संविदाकर्मी इकट्ठा हुए और लालापुर थाना पहुंच कर शिकायती पत्र देकर ग्रामीणों के खिलाफ एफआई करने की मांग करने लगे,घटना की जानकारी होते ही मदुरी निवासी संविदाकर्मी के परिजनों के साथ ग्रामीण भी थाने पहुंच गये और करवाई की मांग करने लगे।एसीपी बारा संत लाल सरोज ने बताया कि शिकायती पत्र की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त करवाई की जायेगी।उधर शिकायती पत्र में दिये गये दो नाम लालापुर भटपुरा गांव के होने से परिजन व ग्रामीण आरोप लगा रहे हैं की विद्युत उपेन्द्र लालापुर में तैनात विभागीय कर्मचारियों के कहने पर लालापुर- भटपुरा के ग्रामीणों के नाम शिकायती पत्र में दिया गया है।

# श्रीमद्भागवत रविवार को जगत गुरु रामानंदाचार्य ने सुनाई विद्या अध्ययन उद्धव गोपी संवाद द्वारिका निर्माण रुकमणी मंगल की कथा





**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** क्षेत्र के कुशलपुर ऊँचडीह गांव निवासी पंडित ब्रह्मदीन त्रिपाठी के आवास पर मंगलवार से सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन की कथा में मुख्य कथा वाचक अंतराष्ट्रीय कथा व्यास जगत गुरु रामानंदाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री श्री बल्लभाचार्य महाराज ने रविवार को विद्या अध्ययन उद्धव गोपी संवाद द्वारिका निर्माण एवं रुकमणी मंगल की कथा सुनाई। इस दौरान जहां सुंदर मनोहारी व आकर्षक झांकियां निकाली गई वहीं प्रभु की लीला में भावविभोर श्रोता गण झूमते नाचते असीम भक्ति में डूबे मिश्रा बंधुओ की धार्मिक भजनों का आनंद लेते रहे। कथा के मुख्य यजमान पंडित ब्रह्मदीन त्रिपाठी पत्नी श्रीमती अनारकली और ब्रह्म नारायण त्रिपाठी पत्नी श्रीमती हीरावती रही। मुख्य श्रोता के रूप में पंडित हरिकृष्ण त्रिपाठी पत्नी श्रीमती मंजू त्रिपाठी उत्तम पांडेय राहुल शुक्ला दिनेश तिवारी तथा विनय शुक्ला रहे। उल्लेखनीय है कि त्रिपाठी बंधु परिवार के श्री राम कृष्ण त्रिपाठी ने बताया कि उक्त कथा रविवार को शुरू हुई जिसका समापन देर शाम तक हुआ। अगले दिन की कथा 6 मई सोमवार सुदामा चरित्र भागवत व्यास पूजन सुकदेव विदाई हवन पूर्णाहुति पर आधारित होगी। उन्होंने यह भी बताया कि कथा प्रति दिन भागवत मूल पारायण सुबह 7 बजे से 11 बजे तक और शांम 4 बजे से 7 बजे रात तक होगी । श्री त्रिपाठी ने क्षेत्र के लोगों से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में कथा में पधार कर कथा को श्रवण करें और अपने जीवन को धन्य बनाएं।

## युवक को जान से मारने की धमकी ,शिकायत

**लालापुर।** क्षेत्र के डेराबारी गांव निवासी प्रकाश दिवेदी ने लालापुर थाना में शिकायत पत्र देकर गुहार लगाया है कि साहब मेरे पिता की हत्या सात जुलाई 2021 को कर दी गई थी।तीन से मुझे घेरा जा रहा है।रविवार सुबह शंकरगढ़ जाते समय डेराबारी मोड़ पर मेरे पिता के हत्यारे मुझे रोक कर जान से मारने की धमकी दिया और कहा कि मुकदमे की पैरवी करना छोड़ दो अगर हम लोगों को सजा हुई तो तुम भी बाप की तरह उड़ा दिये जाओगे।लालापुर पुलिस शिकायती पत्र के आधार पर जांच कर रही है।

## पुरानी रंजिश को लेकर मार पीट, तीन पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी ने मार पीट कर लहुलुहान कर दिए। पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहन का पूरा निवासी अशोक कुमार पुत्र जयराम का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर उसे मारा पीटा गया तथा गालियां दी गई। अशोक कुमार ने विपिन कुमार, नितिन कुमार, सुरेंद्र कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# अनुवां भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह सुनकर भाव-विभोर हुए श्रोतागण

**जंघई।** श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक डॉ महेंद्र शास्त्री महाराज ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। मुख्य यजमान इंद्रावती देवी, शरद कुमार मोलई तिवारी के निवास अनुवां में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृतय व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका



विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। आयोजकों की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर यज्ञाचार्य गणेश दत्त पांडेय, अमृतलाल तिवारी, सुभाष तिवारी, गिरिश तिवारी, शैलेश तिवारी, आनंद तिवारी, राकेश, प्रदीप, संदीप, आशीष, नीरज शुक्ला, शिवम, सत्यम, सुयश, सुधांशु, हिमांशू, आकाश, विकास, हर्ष, आयुष, रौनक, पीयूष, साहिल, अनंत, शिवांश, शिवाय तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मरम्मत कार्य को लेकर बिजली व्यवस्था कुछ घण्टे के लिए रहेगी बाधित



**जारी।** रविवार को तार बदलने के कार्य के चलते जारी क्षेत्र में अगले दस दिनों तक सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।सब स्टेशन गन्ने स्थित पॉवर हाऊस से 33 केवी की लाइन के माध्यम से बिजली की आपूर्ति की जाती है। तारों के पुराने और जजर्र होने के कारण अक्सर लाइन ब्रेक डाउन हो जाती थी। इस कारण क्षेत्र में बिजली कटौती बाधित रहेगी।यह जानकारी अवर अभियंता प्रदीप कुमार वर्मा ने दी।

# सहसों से बगई मार्ग पूरी तरह से ध्वस्त मुश्किल में है राहगीर

**सहसों।** प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग से लिंक मार्ग सहसों के मजरा गांव बहरापुर से लेकर बगई चौराहे तक लगभग चार किलोमीटर की सड़क कई वर्षों से पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। कहने को तो काली मार्ग है। परंतु वर्षों से मरम्मत मरम्मत की बाट जो रही यह खस्ताहाल मार्ग इस तपिश भरी गर्मी में सफेद गिट्टी की धूल बनकर उड़ रही है। जिससे आसपास के लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। यह धूल सासों के द्वारा बच्चों, बूढ़ों एवं नौजवानों के शरीर में जाकर जमने के कारण सांस रोग जैसे गंभीर बीमारी के चपेट में लोग आते जा रहे हैं। वहीं पर दर्जनों गांव के सैकड़ो लोगों का आवागमन भी मुश्किलों भरा हो गया है। इस मार्ग से प्रतिदिन भारी संख्या में किसान, छात्र छात्राएं, राहगीर, व्यापारी सहित दर्जनों गांव के सैकड़ों लोग अपना व्यवसाय एवं जीविका चलाने के लिए आवागमन करते हैं। यह संपर्क मार्ग सहसों से बगई चौराहा होते हुए हनुमानगंज तथा नेशनल हाईवे को भी जोड़ता है। जिसके चलते यह महत्वपूर्ण मार्ग आमजन के लिए सुविधाजनक होने के कारण कई गांव के लोग बाजारों तक पहुंचने के लिए आवागमन करते रहते हैं। इस संबंध में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हरिशंकर सिंह ने बताया कि हमारे गांव के आसपास के कई किसान सब्जियों का व्यवसाय करते हैं। जिसे लेकर वे इफको मंडी तथा बलीपुर मंडी जाते हैं। परंतु खस्ताहाल ध्वस्त मार्ग होने के कारण प्रतिदिन किसानों को आवागमन में तथा अपनी उत्पादित फसल को ले जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लोक गायक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि कई



बार इस संबंध में लिखित एवं मौखिक शिकायत दर्ज कराते हुए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को अवगत कराया गया। परंतु कोरा आश्वासन की खाना पूर्ति के नाम पर लीपा पोती करके छोड़ दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग की मरम्मत को लेकर जिम्मेदार अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि का केवल आश्वासन मिलता रहा इसके अलावा कुछ भी नहीं हुआ। इस समय लोकसभा का चुनाव अपने चरम पर है। ऐसा प्रतीत होता है की ऐसे जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी आंखों में पट्टी बांधे हुए इनके कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। परंतु लोग इस मार्ग की चिन्ता को लेकर जनप्रतिनिधियों से निराकरण की मांग करते हुए समस्या से निजात पाने के लिए काफी उम्मीद लिए बैठे हैं। कि हो सकता है अबकी बार बन जाए।

# बारा में आयोजित किया गया बूथ अध्यक्ष सम्मेलन

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** हमारे शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, बूथ अध्यक्ष,वीएलओ-2 और पन्ना प्रमुखों की मेहनत ही घर-घर कमल खिलाने का कार्य करते हैं। 2024 में भी यही समितियां कमल खिलाकर नीरज त्रिपाठी को एतिहासिक मतों से जीत दिलाकर एक बार फिर केन्द्र में मोदी सरकार बनाएंगे। बूथ के कार्यकर्ता पन्ना समिति के सदस्य अगर प्रतिदिन अपने पन्ने के मतदाताओं से सम्पर्क और संवाद स्थापित करेंगे तो जो हमारे विचारधारा के व्यक्ति नहीं भी होंगे वह भी हमें बोट देने का कार्य करेंगे। एक पन्ना मे एक प्रमुख और पांच सदस्य मिलकर क्या हम पन्ने के सभी मतदाताओं के सुख-दुख की चिंता करके इनको नहीं जोड़ सकते? अगर हमने ऐसा किया तो यह बारा की धरती है हम एतिहासिक मतों से पूरे लोकसभा में सबसे ज्यादा मतों से सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को दिल्ली भेजने का कार्य करेंगे। उक्त बातें विधानसभा बारा के बूथ



अध्यक्ष सम्मेलन के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक करन सिंह पटेल ने रविवार को ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज के सभागार जसरा में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही। श्री पटेल ने बताया कि हमारे पास मोदी सरकार और योगी सरकार की अनगिनत उपलब्धियां है। नीति नियति निर्णय है। हम सब आपके मेहनत से पुनः जीत दर्ज करेंगे। वर्तमान सांसद प्रयागराज प्रो.रीता बहुगुणा जोशी ने कहा जो आप कार्यकर्ताओं ने महीनों से मेहनत किया है उससे परिणाम लेने के लिए शेष बचे दिनों में और अधिक परिश्रम करके 25 मई को कमल खिलाने का कार्य करना है। इलाहाबाद लोकसभा उम्मीदवार नीरज त्रिपाठी ने कहा पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उसे बहुत सोच-समझकर आप कार्यकर्ताओं के बल पर लिया हूं। और आप कार्यकर्ताओं के साथ कंधा से कंधा मिलाकर कार्य करने आया हूं। आपके लिए नीरज त्रिपाठी के दरवाज़े सदैव खुलें रहेंगे। मै स्वर्गीय पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी की विरासत को स्वच्छ राजनीति के माध्यम से आगे बढ़ाने का कार्य करूंगा अब आप सभी को नीरज त्रिपाठी बनकर प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाना है। विधायक बारा डाँ. वाचस्पति ने कहा यहां के कार्यकर्ताओं में इतनी उर्जा है कि मुझे 14 दिन में विधायक बनाया अब आपको सांसद बनाने का कार्य भी करेंगे।

लोकसभा प्रभारी मनोज जायसवाल व मेयर गणेश केसरवानी ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरकर सरकार की तमाम योजनाओं को स्मरण कराया। लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल ने सभी का वृत्त लिया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष यमुनापार विनोद प्रजापति ने करते हुए मुख्य अतिथि को विश्वास जताया कि नीरज त्रिपाठी को हमारे भाजपा के कार्यकर्ता चार लाख मतों से विजई बनाकर दिल्ली भेजने का कार्य करेंगे। संचालन विधानसभा बारा प्रभारी हीरालाल भोला तिवारी व विधानसभा संयोजक रत्नाकर सिंह पटेल ने किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया की विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने बड़ी माला पहनाकर मुख्य अतिथि, प्रत्याशी, सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, पिछड़ा मोर्चा काशी क्षेत्र अध्यक्ष लोकसभा विस्तारक प्रिंस गुप्ता, लोकसभा सह संयोजक बब्बू राम द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी,जिला मंत्री प्रकाश शुक्ल, कमलेश त्रिपाठी, शिवराम सिंह परिहार,ब्लाक प्रमुख शंकरगढ़ निर्मला देवी, ब्लाक प्रमुख कौंधियारा इन्द्रनाथ मिश्र, प्रमुख अजीत प्रताप सिंह, अनिल मिश्र, रामानंद त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष अनूसूचित मोर्चा राजमणि पासवान, पिछला मोर्चा सुभाष सिंह पटेल,मंडल अध्यक्ष जगत शुक्ला, शिवप्रसाद केसरवानी, शंकर लाल पाण्डेय,अमन मिश्र, बृजेश पांडेय, वेदेश दत्त पाण्डेय, राजू सिंह पटेल, बंदना सिंह, कुलदीप सिंह पटेल आदि रहे।

## मड़ाई करते समय ट्रैक्टर में लगी आग से ट्रेक्टर जल कर हुआ खाक



**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के वाजिद पुर गांव में ट्रेक्टर से गेंहू की मडाई करते समय रहस्यमय ढंग आग लग जाने से ट्रैक्टर बुरी तरह जल गया। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाए। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय बादशाह कुली निवासी मूलचंद्र अपना ट्रैक्टर ग्राम वाजिदपुर छीतेमऊ में खडी करके गेंहू की मडाई कर रहा था। बताया गया है ट्रैक्टर में रहस्यमय ढंग से आग लग गयी और आग विकराल रूप डारण कर लिया जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक पूरा ट्रैक्टर खाक हो चुका था।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने नैनी क्षेत्र में जनसंपर्क किया



**नैनी।** नैनी भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में किया गया जनसंपर्क वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील शुक्ला के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण करके 52 प्रयागराज लोकसभा सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में मोहल्ले में जाकर के स्टीकर एवं कैलेंडर पत्रक देकर के प्रधानमंत्री के विकास कार्यों को मुख्यमंत्री के विकास कार्यों को जनता को बताया गया। इस दौरान संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख ने कहा नीरज त्रिपाठी के चुनाव जीतने से जमुना पार का विकास होगा बंद पड़ी फैक्ट्री को खुलवाने में सहयोग होगा जो भी कार्य केंद्र सरकार प्रदेश सरकार के द्वारा किया गया है उसको जन जागरण के माध्यम से जनता के बीच में बताया गया इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील शुक्ला संजय श्रीवास्तव उपाध्यक्ष सभासद कार्यकारिणी सदस्य मयंक यादव सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी भाजपा नेता सुनील कुशवाहा सुधीर प्रजापति राज सिंह पटेल नित्यानंद मिश्रा रमेश पटेल आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शास्त्री पुल पर दो बाइक की आमने सामने भिड़ंत में दो युवकों की मौत, घर में मचा कोहराम





अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** घटना की सूचना मिलने पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेज दिया। दोनों युवकों के मौत की खबर उसके घर पहुंची तो कोहराम मच गया। हादसे के कारण शास्त्री पुल की वन वे ट्रैफिक पर काफी देर तक जाम जैसे हालात भी बने रहे।झूसी थाना क्षेत्र के शास्त्री पुल पर रविवार को पिलरों की मरम्मत कार्य के कारण हुए वनवे ट्रैफिक ने बाइक सवार दो युवकों की जान ले ली। दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में 20 वर्षीय प्रांजल उर्फ आनंद मालवीय पुत्र पुत्र सूर्यप्रकाश मालवीय निवासी कोटवां हनुमानगंज थाना सरायइनायत की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि दूसरे बाइक पर सवार 21 वर्षीय युवक विमलेश भारतीय पुत्र बनवारी लाल भारतीय निवासी धनुआ थाना नैनी की एसआरएन अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेज दिया। दोनों युवकों के मौत की खबर उसके घर पहुंची तो कोहराम मच गया। हादसे के कारण शास्त्री पुल की वन वे ट्रैफिक पर काफी देर तक जाम जैसे हालात भी बने रहे। शास्त्री पुल के उत्तरी लेन के पिलरों की मरम्मत कार्य के कारण रविवार को ट्रैफिक वन वे किया गया था। दोनों ओर के वाहनों को झूंसी से शहर जाने वाली लेन से गुजारा जा रहा था। दोपहर तकरीबन साढ़े बारह बजे हनुमानगंज के कोटवा गांव निवासी 20 वर्षीय युवक आनंद मालवीय पुत्र सूर्य प्रकाश मालवीय बाइक से शास्त्री पुल की वन वे ट्रैफिक से होकर जा रहा था।

### ऑनलाइन फार्म भरने का काम करता था आनंद

आनंद नैनी स्थित। उसके पिता सूर्यप्रकाश पान के पत्ते का थोक कारोबार करते हैं। शास्त्री पुल पर पहुंचते ही सामने से दूसरा बाइक सवार 21 वर्षीय युवक विमलेश भारतीय पुत्र बनवारी लाल भारतीय निवासी धनुआ नैनी भी आ गया। दोनों बाइक की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों युवक खून से लथपथ हालत में वहीं गिर पड़े। घटना की जानकारी झूंसी पुलिस को हुई तो तत्काल मौके पर पहुंची। तब तक आनंद की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे में जख्मी दूसरे युवक विमलेश को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कुछ घंटे बाद उसने भी दम तोड़ दिया। दोनों युवकों के मौत की परिजनों में मचा रहा।


### घर का चिराग था आनंद, परिजनों में मचा रहा कोहराम

हनुमानगंज के कोटवा गांव का रहने वाला प्रांजल मालवीय (20) उर्फ आनंद पुत्र सूर्य प्रकाश मालवीय उर्फ बब्लू मालवीय घर का चिराग था। वह आरटीओ दफ्तर जाने के लिए आज सुबह घर से निकला था। इसी दौरान शास्त्री पुल पर पहुंचने पर वनवे ट्रैफिक के कारण दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में उसकी जान चली गई। आनंद की मौत से पिता सूर्य प्रकाश के साथ ही मां रानी बेसुध पड़े रहे। बहन सौम्या का भी रो-रोकर बुरा हाल था।

## ब्लाक प्रमुख समेत साथियों पर जानलेवा हमला करने का का लगा आरोप

**प्रयागराज।** उतराव थाना क्षेत्र के नागनाथ पुर गांव में विगत दिन पूर्व एक ट्रैक्टर चालक ने ब्लॉक प्रमुख समेत उनके साथियों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए थाना उतराव में नामजद प्रार्थना पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की हैं घटना के संबंध में पुलिस मामले की जांच गंभीरता से कर रही हैं।बताया जाता है की प्रदीप कुमार पुत्र राम बहादुर पटेल निवासी नागनाथपुर थाना उतरांव प्रयागराज निवासी का आरोप हैं की विगत दिन पूर्व मैं अपने ट्रैक्टर पर मिट्टी लोडकर जा रहा था की रात लगभग 11 बजे ब्लॉक प्रमुख सैदाबाद व उनके साथियों ने ट्रैक्टर रोक गाली गलौज देते हुए बंदूक की बट से मारा पीटा वही आरोप है की मेरे ऊपर बंदूक से फायरिंग की गई परंतु किसी तरह मेरी जान बच गई।क्षेत्रीय संवाददाता द्वारा घटना के संबंध थाना अध्यक्ष उतराव से बात करने पर बताया गया की मामला आपसी बात विवाद कहा सुनी का हैं घटना की निष्पक्ष जांच की गई परंतु घटना की सतयता की पुष्टि नहीं हुई।

# शास्त्री पुल की बैरिंग फिर खिसकी आवागमन रहा बाधित





अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** प्रयागराज को पूर्वांचल से जोड़ने वाले शास्त्री पुल की बैरिंग में एक बार फिर खराबी आ गई। रविवार को दर्जन भर मजदूर बैरिंग की मरम्मत में लगे रहे। जिसकी वजह से एक लेन को पांच घंटे के लिए बंद किया गया तो चारो तरफ जाम लग गया। दो महीने भी पहले शास्त्री पुल की बैरिंग में खराबी आई थी। जिसके मरम्मत के चलते हप्ते भर एक लेन पर आवागमन बाधित था। शास्त्री पुल की प्रयागराज से वाराणसी जाने वाली लेन के 10 नम्बर पिलर के सैूब में दरार आने की वजह से शनिवार को पुल की बैरिंग खिसक गई थी। जिसकी मरम्मत के लिए रविवार को 11 बजे वाराणसी जाने वाली लेन पर चार पहिया वाहनों का बंद कर दिया गया। पीडब्लूडी के दर्जन भर मजदूर पिलर के सैूब को ठीक करने में लगे रहे। पांच घंटे कड़ी मशक्कत के बाद सैूब के दरार को ठीक कर बैरिंग को उसके स्थान पर लगाया गया। जिसके बाद आवागमन शुचारु हो सका। बता दे कि दो महीने पहले भी पिलर में खराबी के चलते हप्ते भर एक लेन को बंद किया गया था। जिसके बाद सभी पिलर की जांच कर मरम्मत कार्य हुआ था। मरम्मत के बाद फिर एक बार पुल के 10 नम्बर पिलर में खराबी पीडब्लूडी के कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है।

# सपा के पूर्व विधायक मुज्तबा सिद्दीकी के बेटे का हार्टअटैक से निधन

### अखिलेश यादव ने जताया दुख



**प्रयागराज।** पूर्व विधायक मुज्तबा सिद्दीकी के बेटे अब्दुल्ला का रविवार को हार्टअटैक से निधन हो गया। वह करीब 35 वर्ष के थे। अब्दुल्ला के निधन की खबर से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। अचानक मौत से परिवार में कोहराम सा मच गया। पूर्व विधायक का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। भाजपा नेता और फूलपुर लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण पटेल, भाजपा के फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य समेत तमाम भाजपा नेताओं ने पहुंचकर मुज्तबा सिद्दीकी को सांत्वना दिया और घटना पर दुख जताया। दोपहर बाद शव को फूलपुर कब्रिस्तान में दफन किया गया। सपा के पूर्व विधायक मुजतबा सिद्दीकी के पुत्र मो. अब्दुल्लाह का रविवार को निधन हो गया। बताया जा रहा है कि उनका निधन हार्ट अटैक से हुआ। देर शाम उनके पैतृक गांव लिलहत में उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। उनके निधन की सूचना पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, राष्टीय महासचिव मयंक श्रीवास्तव, पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह आदि ने शोक जताया है।सपा मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर ने बताया कि मुजतबा सिद्दीकी के बड़े पुत्र मो. अब्दुल्लाह (40) रविवार सुबह सात बजे सोकर उठे। उन्होंने चाय भी पी। बाद में वह अचानक बिस्तर पर जाकर लेट गए। घरवालों ने उन्हें बुलाया, आवाज न आने पर पास जाकर हिलाया, लेकिन शरीर में कोई हरकत नही हुई। मौके पर चिकित्सक को बुलाया गया, तब तक उनकी जान जा चुकी थी। दान बहादुर मधुर के अनुसार मो. अब्दुल्लाह फूलपुर और सिकंदरा में स्थित कई स्कूल और कॉलेजों के प्रबंधक थे।वह अपने पीछे पत्नी तहसीन बानो, दो पुत्रियां आयशा, जारा और पुत्र मोहम्मद फाहिद को छोड़ गए हैं। निधन की सूचना मिलने पर भाजपा विधायक प्रवीण पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य आदि शोक जताने उनके आवास पहुंचे। उधर, सपा कार्यालय में शोकसभा हुई। एमएलसी डॉ. मान सिंह, लोकसभा प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य, विधायक विजमा यादव, गीता शास्त्री, हाकिम लाल बिंद, संदीप पटेल, अंसार अहमद, पंधारी यादव, वासुदेव यादव, वजीर खां, अजय श्रीवास्तव, विनय कुशवाहा आदि ने शोक जताया।

## प्रयागराज के संगम तट व मंदिरों में स्वच्छता और जन जागरूकता अभियान चलाया

**प्रयागराज।** रविवार को प्रातः काल अनामिका चौधरी प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश एवं प्रभारी चंदौली ने अपने पदाधिकारियों संग प्रयागराज के संगम तट, दशाश्वमेध मंदिर, बड़े गणेश जी मंदिर, वेणीमाधव जी मंदिर पर स्वच्छता और जन जागरूकता अभियान चलाया। लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। देश बहुत तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है और विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गई है। उन्होंने कहा कि इस बार मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री पद पर आसीन करने के लिए मां गंगा सहित भगवान शिव, भगवान गणेश और भगवान श्री वेणीमाधव जी की पूजा अर्चना कर प्रार्थना किया गया इस अवसर पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष श्री नीरज त्रिपाठी को सम्मानित भी किया गया। श्री नीरज त्रिपाठी ने गंगा तटों पर स्वच्छता अभियान को सराहा और प्रत्येक नागरिक को भी इससे जुड़ने के लिए आवाहन किया। कार्यक्रम में राजीव मिश्रा स्टेट आफिसर इलाहाबाद विश्वविद्यालय, पूर्व पार्षद शिवा त्रिपाठी, पत्रकार आर पी दुबे, चंद्र प्रकाश व अनुज खन्ना सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मीरापुर मंडल के मंत्री अरुण निषाद, जान्हवी निषाद, मधुमिता नाथ, सुभाष तिवारी, आशीष कुशवाहा, मीरा देवी, दीप द्विवेदी ,टीटू केसरवानी, सुधीर श्रीवास्तव ने अनामिका चौधरी एवं नीरज त्रिपाठी को पुष्प गुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# मौसम ने दिखाया उग्र तेवर, तेज गर्मी और धूप से घरों में कैद हुए लोग, दो दिन बाद हो सकती है बारिश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** चिलचिलाती धूप और गर्मी ने रविवार को लोगों को घर में कैद रहने के लिए मजबूर कर दिया। धूप इतनी तेज रही बाहर निकलने की हिम्मत नहीं दिखी। रविवार होने के कारण सरकारी गैर, सरकारी दफ्तरों के साथ ही स्कूल कॉलेज, हाईकोर्ट और कचहरी बंद होने का असर भी दिखा। बाजार और सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। शीतल पेय पदार्थों के सात ही दही और मट्ठे की जमकर बिक्री हुई।बेल के शर्बत और शिकंजी के दुकानों पर भी भीड़ रही। सिविल लाइंस बस स्टैंड, लीडर रोड, जीरो रोड बस स्टैंड के साथ ही रेलवे स्टेशनों पर भी काफी कम भीड़ रही। दिन में खचाखच भरा रहने वाला श्री बड़े हनुमान मंदिर परिसर पर भी धूप का अंसर दिखा। संगम तट पर सन्नाटा छाया रहा। नौकायन



कराने वाले नाविक भी घाट के किनारे बने टिन शेड और तिरपाल में बैठकर आराम फरमाते देखे गए। रविवार को मौसम का तापमान 44 से 45 डिग्री के बीच दर्ज किया गया। शनिवार का तापमान 42.7 दर्ज किया गया था। गर्मी के मद्देनजर खीरा, ककड़ी, पपीता के साथ ही नींबू की बिक्री तेज हो गई है।

### तीन दिनों तक हो सकती है बारिश

मौसम विभाग के पूर्वानुमानों की माने तो आने वाले दिनों में गर्मी और चिलचिलाती धूप से कुछ राहत मिल सकती है। मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को आंधी के साथ बारिश होने का अनुमान लगाया जा सकता है। इसके कारण तापमान में कुछ नरमी दिख सकती है।

# 9 मई को मनाई जाएगी राणा प्रताप की जयंती



**झूंसी।** आगामी 9 जनवरी को हनुमानगंज बीकापुर सृस्टि गार्डेन में अखिल भारतीय राणा प्रताप सेवा संस्थान के बैनर तले महा राणा प्रताप की जयंती मनाई जाएगी। जिसको लेकर कोटवा बुद्धी माता मंदिर में रविवार को एक बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अखिल भारतीय राणा प्रताप सेवा संस्थान के अध्यक्ष पूर्व ब्लाक प्रमुख राजकुमार सिंह उर्फ रिक्कू ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज समय शस्त्र का नही सर का है। संगठित रहेंगे मजबूत रहगें। संचालन कर रहे मानेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि राणा प्रताप की जयंती पर भारी से भारी संख्या में सृस्टि गार्डन में पहुच कर क्षत्रियो को अपनी ताकत दिखानी है। इस दौरान ग्राम प्रधान कोटवा जयराम सिंह, प्रधान बजहा राजेश सिंह, लाल प्रभाकर सिंह, शाषिकेन्द्र प्रताप सिंह, भूपेंद्र सिंह, अमित सिंह, इंद्रेश बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह, अंकुर सिंह, हिन्दराज सिंह, आयुष सिंह, आशीष सिंह, दिनेश सिंह, शमशेर बहादुर सिंह, मृदुल सिंह, उमेश सिंह, दीपक सिंह, नागेंद्र प्रधान, महेंद्र प्रताप सिंह, प्रवीण माधव, अजय सिंह, राकी, सचिन आदि मौजूद रहे।

# इंडिया गठबंधन प्रचार की कमान संभालेंगे अधिवक्ता भरवाएंगे गारंटी कार्ड और बाटेंगे घोषणा पत्र

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इंडिया गठबंधन के इलाहाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह और फूलपुर से सपा प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या के समर्थन में कांग्रेस और सपा के अधिवक्ता प्रकोष्ठ से जुड़े वकील संयुक्त रूप से जनसंपर्क की कमान सम्हलेंगे। इसकी रणनीति बनाने के लिए दोनो दलों से जुड़े अधिवक्ताओं की पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह के आवास पर संपन्न हुई संयुक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि वकील टोलिया बना कर तहसील, जिला और हाईकोर्ट में वकील से संपर्क साधेंगे। कांग्रेस के गारंटी कार्ड के साथ समाजवादी पार्टी के घोषणा पत्र का वितरण किया जायेगा।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह ने भाजपा पर हमला बोला। कहा, झूठ भाजपा की पहचान बन चुकी है। भाजपा ने अग्निवीर योजना से नौजवानों के भविष्य पर कुठाराघात किया है। देश की सेना को कमजोर करने की साजिश रची है। महंगाई और भ्रष्टाचार अपनी चरमसीमा पार कर चुकी है। उन्होंने प्रधानमंत्री की ओर से लगातार हिंदू मुसलमान पर दिए जा रहे बयान को दुर्भाग्यपूर्ण और गैरजिम्मेदाराना करार दिया।बैठक का संचालन करते हुए हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और केपी ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष टीपी सिंह ने कहा कि वकीलों को भाजपा ठग रही है। हापुड़ में वकीलों पर हुए हमले के बाद भाजपा ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने का वादा किया लेकिन सदन में प्रचंड बहुमत के बावजूद एक्ट अबतक लागू नही किया गया।इस मौके पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष हीरालाल यादव, समाजवादी अधिवक्ता सभा के पूर्व महासचिव विनय प्रताप सिंह, कांग्रेस संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अंकित सिंह यादव, कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष जितेंद्र नायक, महासचिव हरिश्चंद्र दुबे, प्रदेश सचिव अतुल श्रीवास्तव, जेपी सिंह, असीम राय, चंदन सिंह, सतेंद्र गुप्ता और समाजवादी पार्टी की ओर से नगर अध्यक्ष इफ्तेखार अहमद, महासचिव रविंद्र यादव, बीडी निषाद, कमलेश रतन यादव, कृष्णकांत यादव, डॉ सुमन कुमार यादव, अभिषेक यादव, रूपनाथ यादव समेत भारी संख्या में वकील मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### नैनी व्यापार मंडल का पुनः गठन हुआ



**नैनी।** नैनी व्यापार मंडल कार्यालय मेवालाल की बगिया चौराहे पर अध्यक्ष सुभाष चंद्र केसरवानी ने नैनी व्यापार मंडल का पुनः गठन किया। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश चंद्र केसरवानी, मो० अजहर, अशोक कुमार अग्रवाल टीनू , महामंत्री घनश्याम जायसवाल, राधेश्याम गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेश केसरवानी, उपाध्यक्ष विजय प्रकाश जायसवाल डब्बू , नाजिम खान, मंत्री सम्पूण निन्द गौतम, रामजी मिश्रा, सचिन वैश्य, संगठन मंत्री राहुल जायसवाल, मीडिया प्रभारी राम जी केसरवानी प्रचार मंत्री रामबाबू केसरवानी, एवं कार्यकारिणी सदस्यों का गठन किया गया।

### रेलवे सुरक्षा बल ने आपरेशन नन्हे फ़रिश्ते के तहत नाबालिग को चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपुर्द किया




**प्रयागराज।** शनिवार को रेलवे सुरक्षा बल/प्रयागराज के सहायक उप निरीक्षक, श्री कुलवीर सिंह को प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज संख्या 3 पर को एक नाबालिग लड़की नंदिनी पुत्री श्री अनीश, उम्र लगभग 10 वर्ष, निवासी रसूलपुर लावारिस अवस्था में रोती हुई मिली. रेलवे सुरक्षा बल द्वारा पूछताछ करने पर कुछ बता नहीं पायी. उक्त बच्ची को चाइल्ड हेल्पलाइन, प्रयागराज की सुपरवाइजर श्रीमती सीमा पाल के सुपुर्द कर दिया गया।

### रेलवे सुरक्षा बल ने आपरेशन नन्हे फ़रिश्ते के तहत नाबालिक लड़की को बाल कल्याण समिति मिर्जापुर के सुपुर्द किया

शनिवार को रेलवे सुरक्षा बल/मिर्जापुर के निरीक्षक मनोज कुमार पांडे एवं कांस्टेबल प्रदीप कुमार पाल प्रथम को प्लेटफार्म पर निगरानी के दौरान समय लगभग 11.00 बजे प्लेटफाम्र सं. 02/03 पर पश्चिमी छोर पर एक लड़की डरी सहमी अवस्था में खड़ी मिली . रेलवे सुरक्षा बल द्वारा पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अमीना पुत्री आलम, उम्र-17 वर्ष, निवासी- किदवई नगर थाना- आरके किदवई नगर चौकी जिला- मुंबई सीएसटी (महाराष्ट्र) बताया . अमीना घर से नाराज होकर बिना किसी को बताएं घर से भाग मुंबई से ट्रेन पड़कर मिर्जापुर पहुंची और जब पानी लेने के लिए ट्रेन से उतरी तो ट्रेन चल पड़ी और वह उसमें चढ़ नहीं पाई. महिला कांस्टेबल ज्योति रानी को मौके पर बुलाकर उनके द्वारा लड़की को आरपीएफ पोस्ट मिर्जापुर पर लाकर अपनी निगरानी में रखा गया और बाद में जिला बाल कल्याण समिति मिर्जापुर के सुपुर्द कर दिया गया।

# प्रयागराज मंडल कार्यालय में भारतीय योग संस्थान द्वारा योग साधना केंद्र का शुभारम्भ



**प्रयागराज।** रविवार को मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, श्री हिमांशु बडोनी द्वारा मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज कार्यालय के प्रांगण में स्थित मंडल सभागार में भारतीय योग संस्थान द्वारा संचालित किये जा रहे ₹निःशुल्क योग साधना केंद्र₹ शाखा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय की उद्घाटन किया गया। आयोजन के प्रारंभ में मंडल रेल प्रबंधक, अन्य अधिकारी गण और भारतीय योग संस्थान/प्रयागराज के श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव, श्री राजेश कुमार जायसवाल अन्य पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती तथा भारतीय योग संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय प्रकाश लाल जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना करके उनका अभिनंदन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, श्री हिमांशु बडोनी ने इस कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए कहा योग हमें जोड़ता है यह हमारे मन और शरीर को एकाग्र करता है . जब हम योग करते हैं तो मांसपेशियों में खिंचाव, मरोड़, मरोड़ और खिंचाव जैसी कई क्रियाएं होती हैं। इससे हमारे शरीर की थकान दूर होती है और हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं। यदि आप नियमित रूप से योग करते हैं तो आपके शरीर में ऊर्जा का संचार होगा। श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव जी, श्री राजेश कुमार जायसवाल जी एवं श्री हंस कुमार राय द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया एवम मंडल सभागार में उपस्थित सभी रेल कर्मचारियों को योग कराया गया एवम योग करने के लाभ एवं बारीकियों से अवगत कराया गया और बतया कि योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जिसमें शरीर और आत्मा को एकरूप करना ही योग कहलाता है। योग समझने से ज्यादा करने की विधि है। योग साधने से पहले योग के बारे में जानना बहुत जरुरी है। श्री राजन कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय प्रधान -कद्वारा योग साधना केंद्र की मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय शाखा के संरक्षक श्री राम कृत सिंह यादव , केंद्र प्रमुख श्री अशोक कुमार एवं उप केंद्र प्रमुख श्री प्रशांत कुमार के नाम की घोषणा की गई साथ ही श्री गौतम शील निजी सहायक मंडल रेल प्रबंधक को शाखा की स्थापना में विशेष योगदान हेतु सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के समापन पर श्री सर्वेश पांडे , जिला मंत्री प्रयागराज द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु श्री आनंद कृष्ण गुप्ता एवम उनकी कर्मचारी हित निरीक्षको तथा कार्यालय सहायको की टीम , टेलीकॉम, आई ओ डब्लू स्टाफ आरएसओ, ऑपरेटिग, मेडिकल टीम,एसी, विद्युत विभाग के स्टाफ तथा सफाई व्यवस्था हेतु डी इ एच एम के स्टाफ तथा आयोजन में सम्मिलित हुए सभी योग साधकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। योग साधन के इस आयोजन में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, श्री मनीष खरे; वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, श्री एस. के.शुक्ला; मंडल कार्मिक अधिकारी, श्री के एल जायसवाल; सहा कार्मिक अधिकारी, श्री आदेश मिश्रा; सहायक मंडल विद्युत अभियंता (ओपी), श्री ललवानी एवम अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

# मोदी सरकार को पूंजीपतियों के मुनाफे की फिक्रः प्रमोद तिवारी

## प्रमोद तिवारी ने सपा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल के समर्थन में की जनसभा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता एवं कांग्रेस के स्टार प्रचारक प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मोदी सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में किसानों और नौजवानों तथा मध्यम वर्ग की तकलीफों की रत्ती भर चिन्ता नही की। उन्होनें कहा कि भाजपा और उसके प्रधानमंत्री को सिर्फ पूंजीपतियों की कर्जमाफी और उन्हें मुनाफा पहुंचाने की ही फिक्र बनी रहीं।



भदारी कला में जनसभा को संबोधित करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

रविवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में इण्डिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल के समर्थन में चुनावी जनसभाओं में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार की विफलताओं को जनता के बीच एक एक कर गिनाया। वही उन्होनें जिले में भी मौजूदा निवर्तमान भाजपा सांसद के द्वारा अपने स्तर पर एक भी विकास परियोजना प्रतापगढ़ को न सौंप पाने की विफलता पर भी निशाना साधा। भदारी कला, पूरे नोती, तथा समापुर में रविवार को कांग्रेस द्वारा आयोजित जनसभाओं में उमड़े जनसमूह के बीच विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार किसानों का कर्जा नहीं माफ कर सकी। एक दिवसीय दौरे में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम में मत्था टेका और कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से भी रूबरू होकर चुनावी रणनीति पर मंत्रणा की। इस मौके पर केडी मिश्र, अमित सिंह पंकज, संतोष द्विवेदी, भगवती प्रसाद तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, जीतलाल पटेल, श्याम लाल वर्मा, रामू मिश्र, पप्पू वर्मा, सुरेन्द्र मिश्र, कमलेश, राजकुमार, दिनेश सिंह, ददन सिंह, राजू पाण्डेय, पप्पू तिवारी, दयाराम वर्मा, सभासद सोनू शुक्ल, त्रिभु तिवारी, महमूद

# भाईचारा स्थापित करने का काम करते हैं शिक्षा के मंदिरः डा0 आरके वर्मा

## बीआरडी पब्लिक सकूल व गर्ल्स इंटर कालेज का हुआ वार्षिकोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** समाज में असली भाईचारा स्थापित करने एवं गरीबी अमीरी की दीवार को मिटाने का काम शिक्षा के मंदिर करते हैं और यहीं देश के कर्णधारों का निर्माण भी होता है। आज देश को अच्छे नागरिक की आवश्यकता है यह काम भी शिक्षा के मंदिर शिक्षा और संस्कार देकर कर सकते हैं। यह दायित्व समाज के साथ-साथ शिक्षकों का भी है ।

यह बातें रानीगंज विधायक डॉ आर के वर्मा ने क्षेत्र के बी आर डी पब्लिक स्कूल एवं गर्ल्स इंटर कॉलेज गंभीरा के वार्षिक समारोह में उपस्थित छात्रों एवं अभिभावकों के बीच अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि समाज के गरीब प्रतिभावान बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए सक्षम लोगों को आगे आना चाहिए तथा गरीब परिवार की बेटियों की शादियों में भी सहयोग करना चाहिए। यही



वार्षिकोत्सव में बोलते रानीगंज विधायक डा0 आरके वर्मा।

असली समाज सेवा है। समारोह में विद्यालय के बच्चों ने गीत एवं प्रहसन के माध्यम से परिवार के बुजुर्गों का सम्मान करने का संदेश दिया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए खूब धमाल मचाया। हाई स्कूल की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के विश्वनाथगंज विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट सत्यनारायण यादव, विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार पटेल, प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार शुक्ला के साथ अंशु पटेल, पूर्व प्रधान दूधनाथ पटेल, पूर्व प्रधान हरिशंकर पटेल, पत्रकार अभय प्रताप सिंह, मंत्री यादव सहित शिक्षक और क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लगी हरिजन बस्ती में आग, कई घर जलकर राख

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से हरिजन बस्ती के कई रिहायशी छप्पर जलकर राख हो गए। सूचना पर पहुंचे फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पट्टी तहसील क्षेत्र के अतरौरा गांव निवासी कालू राम के रिहायशी छप्पर में रविवार की दोपहर करीब दो बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें लाखों की गृहस्थी जलकर स्वाहा हो गई। आग फैल कर मातादीन, राकेश के छप्पर को भी अपनी आगोश में ले लिया। समीप में ही स्थित सुरेश वर्मा के पंपिंग सेट में भी उड़ी चिंगारी से आग लग गई। उनका भी मोटर आदि जलकर राख हो गया। ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास किया। आग काबू में ना होता देख ग्रामीणों ने फायर कर्मियों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक कालूराम माता दिन राकेश का सब कुछ जलकर राख हो चुका था। इस चिलचिलाती धूप में परिवार के लोग खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर हो गए हैं।

# राजा भइया के समर्थन से कौशाम्बी में विनोद सोनकर की राह हुई आसान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल के अध्यक्ष व कुण्डा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने बैंगलोर में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद लगभग यह तय माना जा रहा है कि कौशाम्बी ससंदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर को राजा भइया का समर्थन मिलेगा। इससे विनोद सोनकर को कौशाम्बी क्षेत्र को फतह करने की राह आसान हो गई है।

बता दें कि कुण्डा व बाबागंज दो विधान सभा क्षेत्र कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र में आते हैं जहां राजा भइया का दबदबा है। राजा भइया भाजपा के टिकट बंटवारे के बाद से चुप थे लेकिन उनकी विचारधारा भाजपा के साथ जग जाहिर है।

**केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद राजा भइया का निर्णय**

बता दें कि विनोद सोनकर के पिछले दो चुनाव में राजा भइया ने अपना प्रत्याशी उतारकर विनोद सोनकर का विरोध किया था, फिर भी विनोद सोनकर दो बार इस सीट से जीते थे। इस बार कौशाम्बी सीट राजा भइया स्वयं चाह रहे थे लेकिन भाजपा द्वारा विनोद सोनकर को तीसरी बार टिकट दिये जाने से राजा भइया असहज महसूस कर रहे थे। इसके अलावा विनोद सोनकर से राजा भइया के अच्छे तालुकात भी नहीं बन पाए थे। राजा भइया ने काफी विचार विमर्श के बाद फिर से भाजपा को समर्थन देने का फैसला किया है। इसका सबसे ज्यादा लाभ कुण्डा व बिहार में भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर को होगा। बता दें कि कौशाम्बी सीट पर अब विनोद सोनकर की लड़ाई सीधे समाजवादी पार्टी से है। समाजवादी पार्टी ने इस सीट पर पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज के बेटे पर दांव लगाया है। राजा भइया का समर्थन मिलने से कुण्डा व बिहार के भाजपाई खुश दिखाई दिये।

# लोकसभा चुनाव में बह रही परिवर्तन की बयारः राष्ट्रीय महासचिव

**इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में हुई बैठक**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के राष्ट्रीय महासचिव/प्रभारी उ.प्र. अविनाश पाण्डेएवम राष्ट्रीय सचिव, पूर्व कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ राजेश तिवारी इण्डिया गठबन्धन के संयुक्त प्रत्याशी डॉ.एस.पी सिंह पटेल के समर्थन में स्थानीय शैल श्याम पैलेस में संगठन की एक बैठक में शामिल हुए।

महासचिव अविनाश पांडेय ने संगठनात्मक बैठक के साथ साथ कांग्रेस पार्टी एवम सामाजवादी पार्टी के बीच समन्यवय बैठक





राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय का स्वागत करते कांग्रेसी।

को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल, तेजश्वी यादव आदि ने राष्ट्रीय स्तर पर जो समन्वय बनाया है, वही समन्वय हमें जनपद से लेकर बूथ स्तर तक पहुंचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में परिवर्तन की बयार बह रही है। बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लोकसभा कोऑर्डिनेटर संजय तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान, महासचिव मुकुंद तिवारी, विवेकानंद पाठक एवम प्रदेश सचिव राकेश मौर्या, पूर्व विधायक नागेन्द्र सिंह यादव मुन्ना, जी भी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ0नीरज तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया तथा नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते हुए गठबंधन व समाजवादी पार्टी प्रत्याशी डॉ0एस0पी0सिंह पटेल को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प दोहराया। संचालन जिला सचिव सुरेश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में इंडिया गठबंधन व समाजवादी पार्टी प्रत्याशी डॉ0एस0पी0सिंह पटेल ने कहा कि मोदी सरकार में सभी वर्ग परेशान है। बैठक में नगर अध्यक्ष इरफान अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, पीसीसी सदस्य डॉ0 प्रशांत देव शुक्ल, मा0प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल, सुनीता सिंह पटेल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सरोज कश्यप, सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ल, राम रतन तिवारी, आशुतोष तिवारी, प्रेम शंकर द्विवेदी, प्रवीण द्विवेदी, सुरेश मिश्र, सुधीर तिवारी, विजय शंकर तिवारी आदि मौजूद रहे।

## मोदी सरकार को मिल रहा अपार जन समर्थनः विनोद सोनकर

### क्षेत्र भ्रमण कर नुक्कड़ सभाओं को किया सम्बोधित

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्र में मेरे प्रयास, प्रस्ताव पर जो विकास कार्य पिछले दस वर्षों में किया गया। आज उसका परिणाम दिखाई पड़ रहा है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान आप सबके द्वारा जो आशीर्वाद व स्नेह मिल रहा है। उससे मेरा हौसला बढ़ जाता है। उक्त बातें बाबागंज विधानसभा के नारियावां में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित नुक्कड़ सभा में आई जनता जनार्दन सम्बोधित करते हुए सांसद कौशाम्बी एवं भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर ने कही।

सांसद विनोद सोनकर ने आगे कहा कि नाम तो नुक्कड़ सभा है। परंतु ये जनसभा में बदल गई। यह आप सब का अपार स्नेह व आशीर्वाद ही है। इसके पूर्व मानिकपुर, अलुवामई, इटौरा,मनगढ़ में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। औसानगंज (धनगढ़), किंधौली, राजापुर में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया, कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, सांसद मीडिया प्रभारी एवं कौशाम्बी लोकसभा के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, पूर्व प्रत्याशी पवन गौतम, भाजपा नेता मनोज तिवारी, अखिलेश द्विवेदी, उदय शंकर पाण्डेय, अभय प्रताप सिंह पप्पन, आशुतोष जायसवाल, गोलू शुक्ल, अमर जीत सिंह, उदय मिश्र, सन्तोष तिवारी,भोला सेठ, राम कुमार कोरी, प्रधान उमेश तिवारी, ज्ञान चन्द्र यादव, बबलू मिश्र, सरोज तिवारी, देव राज मौर्य,सन्तोष पाण्डेय, सरिता सरोज, राजेश यादव, हिमांशु मिश्र, छेदी राम सरोज, सुमन साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# नीट की परीक्षा में शामिल हुए 495, नौ परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में हुई परीक्षा**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** देशभर के मेडिकल, डेंटल, आयुष, वेटरनरी तथा चयनित नर्सिंग कॉलेजों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी 2024) रविवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा अयोजित की गई। एमबीबीएस, बीएचएस, बीएमएस, बैचलर इन डेंटल सर्जरी और बीएससी नर्सिंग समेत विभिन्न स्नातक स्तरीय मेडिकल कोर्सों में दाखिले के लिए आज देशभर से करीब 24 लाख छात्रों ने इस प्रवेश परीक्षा में भाग लिया।

उपरोक्त के क्रम में न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कटरा रोड प्रतापगढ़ में भी नीट यू जी परीक्षा दोपहर दो बजे से शुरू हुई। प्रधानाचार्य डा वीके सोनी ने बताया कि 504 परिक्षार्थियों में से 495 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए और 9 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। एनटीए द्वारा नीट-यूजी के प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए जैमर लगाए गए थे तथा परीक्षा केन्द्र पर फ्लांइग स्क्वायड की टीमों द्वारा मॉनिटरिंग भी किया गया। परीक्षार्थियों के आधार कार्ड



न्यू एंजिल्स स्कूल से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

की जांच बायोमेट्रिक पर हुई। आधार कार्ड में समस्या होने पर परीक्षार्थी के फिंगर प्रिंट लिए गए तथा प्रत्येक सेंटर पर परीक्षार्थी को पेन भी दिया गया। छात्र परीक्षा केंद्र पर पानी की पारदर्शी बोतल साथ ले जा सकते थे। लड़कियों को सलाह दी गई थी कि वे अधिक गहने पहनकर एग्जाम सेंटर पर न जाएं। परीक्षा केंद्र पर सभी अभ्यर्थियों को 11 बजे रिपोर्ट करना था और अपने साथ एडमिट कार्ड, ट्रासपैरेंट पानी की बोतल, आधार कार्ड, दो फोटो व अन्य जरूरी सामान लेकर जाना था। स्कूल की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा ने बताया कि किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र पर मोबाइल, ज्वैलरी व अन्य कीमती सामान व परीक्षा केंद्र में प्रतिबंधित चीजें नहीं लेकर जाने की हिदायत थी अन्यथा परीक्षा से वंचित किया जा सकता था। नीट यू जी 2024 परीक्षा में भाग लेने वाले छात्रों के एडमिट कार्ड परीक्षा से तीन दिन पहले जारी किए गए थे। परीक्षा 5.20 पर समाप्त हुई। परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई।

## टप्पेबाजों ने सोने के लॉकेट उड़ाया, जांच में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर बाजार में दिनदहाड़े टप्पेबाजों ने सोने का लाकेट की छिनैती की दुस्साहसिक वारदात अंजाम दी। बाजार में भैरवन रोड पर संतोष कुमार कौशल से ज्वैलरी की दुकान खोल रखी है। रविवार को दिन में डेढ़ बजे दो अज्ञात युवक अपाचे से उसकी दुकान पर आये। युवकों ने संतोष से लाकेट की खरीददारी करने की बात कही। दुकानदार जैसे ही डिब्बे में सोने का लाकेट लेकर आया दोनों युवकों ने उसका डिब्बा झपट लिया और बाजार की तरफ भाग निकले। दुकानदार की चीख पुकार पर आसपास के व्यापारी और राहगीर इकटठा हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसी कैमरे को खंगालने मे जुटी दिखी। एसओ मनीष का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है, जल्द की बदमाशों को धर दबोचा जाएगा।

# पानी को तरस रही जनता, यह कैसा विकासः प्रथमेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सीट प्रतापगढ़ के बसपा उम्मीदवार प्रथमेश मिश्र सेनानी ने रविवार को रानीगंज क्षेत्र में सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि लोगों को बिजली, पानी व सड़क की समस्या झेलनी पड़ रही है। इससे स्पष्ट है कि जनता को अब तक विकास के केवल सब्जबाग दिखाए गए। उसको छला गया। टंकी बनी, पर पानी नहीं मिल रहा, सड़कें सकरी हैं, अस्पतालों में डाक्टर बाहर की दवा लिख रहे हैं। लोग भटक रहे हैं। किसान खाद-पानी नहीं पा रहे हैं। युवा रोजगार न पाने से निराश हैं। दिलीपुर, बसीरपुर समेत दर्जनों जगह लोगों से मिलते हुए सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता प्रथमेश ने बसपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार गौतम, अश्वनी राणा समेत लोगों के साथ जनसंपर्क में कहा कि वह नेता नहीं, भाई व बेटे हैं। एक बार युवा हाथों को सेवा का मौका दें। जिले में विकास धरातल पर दिखाई देगा। बसपा ही कानून का राज दे सकती है। उधर बसपा उम्मीदवार की पत्नी प्रीती मिश्रा रविवार को भी रामपुर खास क्षेत्र में डटी रहीं। अपने पति के लिए वोट मांगे।



लोगों को मुलाकात करते बसपा प्रत्याशी प्रथमेश।

## डम्फर ट्रक की चपेट मे आने से अधेड की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के छाछामऊ गांव निवासी मो0 ताहिर सुत उमराव अली रविवार की दोपहर अपने दांत का इलाज कराकर बाइक से मानिकपुर से वापस घर आ रहे थे कि मानिकपुर रेलवे फाटक से कुछ दूर पर डम्फ़र ट्रक ने टक्कर मार दिया, जिससे सड़क किनारे गिर गये स्थानीय लोगो ने घटना की जानकारी मानिकपुर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणो की मदद से पहचान कराया पहचान होने पर घटना की जानकारी परिजनों को दी मौके पर परिजनों के पहुंचने पर पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर इम्बुलेंस से भेजा जंहा चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों मे कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा करके परिजनों की मांग पर सुपुर्द कर दिया परिजन लोग शव को घर ले गये जंहा शव घर पहुंचते ही चीख पुकार मच गई।

# साड़ी के फंदे पर लटकता मिला विवाहिता का शव

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** साड़ी के फंदे पर मिला विवाहिता का शव पट्टी कोतवाली के अमुआही चौकी से कुछ दूर कुशहा गांव में दो बच्चे की मां ने लगाया मौत को गले सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी। पट्टी कोतवाली के कुसहा गांव में फूल कली उम्र 30 वर्ष की सादी पट्टी कोतवाली के गांव के फतेबदुर वर्मा से आठ वर्ष पहले आसलपुर गांव के राम प्यारे वर्मा की बेटी फूल कली के साथ हुई थी दोनों के पास दो बेटी हैं बड़ी बेटी पारुल वर्मा उम्र (6) वर्ष तो छोटी बेटी अनामिका वर्मा उम्र (01) वर्ष की शनिवार की रात में भोजन कर आपने छोटी बेटी के साथ फूल कली सोने चली गई सुबह 6 बजे पति उठा तो छोटी बेटी की रोने की आवाज़ कमरे से आ रही थी तो पिता की चारपाई पर लेटी बड़ी बेटी पारुल से कहा की जाओ अपनी अम्मी को जगा दो अनामिका रो रही हैं। बड़ी बेटी मां के कमरे गई देखा तो फूल कली कमरे में नहीं थी उसे खोजने के लिए छत पर गई देखा तो फूल कली का शव छत के ऊपर बने टीन सेड के घर में लगे लोहे की पाइप के सहारे साड़ी के फंदे पर फूल कली का शव लटक रहा था पारुल के अचानक चीखने लगी चीख पुकार सुन कर भाग कर परिजन बेटी के पास पहुंचे तो नजारा देख सब कोई दंग रह गए घटना की सूचना अमुआही पुलिस चौकी को दी मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज विजय कुमार ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी इंचार्ज अंमुआही विजय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है हर पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# सगरा में जल निकासी के लिये नाली की खुदाई फिर शुरु

**डीएम के निर्देश पर एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस बल व नपाकर्मी पहुंचे सगरा**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्र सगरा में जल निकासी की समस्या को लेकर क्षेत्रीय लोगों द्वारा चुनाव बहिष्कार के बाद जिलाधिकारी संजीव रंजन ने आज एसडीएम, तहसीलदार के साथ पुलिस बल भेजकर नाली निर्माण का कार्य नगर पालिका द्वारा शुरु कराया।

बता दें कि दो माह पहले नाली निर्माण नगर पालिका ने शुरु किया तो आधी नाली निर्माण खुद जाने के बाद कुछ लोगों के विरोध से निर्माण कार्य रुक गया था। अब लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद जल समस्या से परेशान सगरा के लोगों ने चुनाव बहिष्कार की धमकी दी। उसके बाद जिलाधिकारी संजीव रंजन ने एसडीएम सदर को निर्देश दिया कि इसे तुरंत फोर्स के साथ नगर पालिका से नाली खुदाई शुरु कराई जाए। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम सदर, तहसीलदार, नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी, सफाई निरीक्षक व आरआई मौके पर पहुंचे और जेसीबी से नाले की खुदाई शुरु कर दी। पुलिस बल को देखते हुए आज नाली निर्माण का कोई विरोध करने नहीं आया। सगरा में नाले की खुदाई से सगरा क्षेत्र की जल निकासी की प्रमुख समस्या का निदान होगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों मे विवाहिता की मौत हो गयी। लीलापुर थाने के तिना चितरी निवासी सदाशिव चौरसिया की पत्नी ज्योती चैरसिया 23 ने शनिवार की देर शाम कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया। विवाहिता की तबीयत बिगडने लगी तो परिजन उसे आननफानन में लेकर इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने ज्योती को मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर लीलापुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवाया। मृतका की मां सुनीता की ओर से पुलिस को पीएम कराने के लिए तहरीर सौपी गयी। मृतका के पति सदाशिव के मुताबिक उसकी पत्नी की मानसिक स्थिति इधर खराब थी। सदाशिव ने बताया कि दिल्ली में ज्योती का इलाज भी चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह का कहना है कि मृतका का शव पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। प्रभारी निरीक्षक ने यह भी कहा है कि अभी परिजनों ने कोई तहरीर नही दिया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# तालाब में नहाने गए किशोर की डूबकर मौत चाचा के ही बेटों पर डुबोकर मारने का आरोप

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिले में तालाब में नहाने गए किशोर की तालाब में डूबकर मौत हो गई,किशोर की मौत की सूचना पर परिजनो में कोहराम मच गया,परिजनो ने चाचा के ही बेटों पर किशोर को डुबोकर मारने का आरोप लगाया है। मामला करारी थाना क्षेत्र के अगियौना गांव की है जहा शनिवार को लगभग 12:00 बजे किशोर और उसके साथ दो अन्य साथी नहाने के लिए घर से निकले थे।नहाने के दौरान संदिग्ध दशा में किशोर तालाब में डूब गया। साथ में गए बच्चे भी वहां से भाग गए। मामले में जब मृतक किशोर के परिजनों ने खोज बीन शुरू की तो काफी देर के बाद तालाब के पास पहुंचे। साथ में नहाने गए किशोर ने बताया कि आपका बेटा इसी तालाब में डूब गया है। ग्रामीणों की मदद से शव को खोजबीन कर बाहर निकाला गया। वही परिजन का आरोप है कि दबाव देकर मेरे बच्चे के शव को दफनाया गया है थाने में लिखित शिकायत करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। करारी थाना क्षेत्र के अगियौना गांव निवासी अमरावती पत्नी महेंद्र ने लिखित शिकायत करते हुए थाने में तहरीर दी है कि शनिवार को लगभग 12:00 बजे मेरा बेटा शिवम घर से निकला और वह तालाब किनारे नहाने चला गया। इस बात की जानकारी परिजनों को भी नहीं थी कुछ देर तक परिजन शिवम को खोज रहे थे तभी शिवम के साथ गए प्रियांशु पुत्र महेश कुमार ने बताया कि आपका बेटा इसी तालाब में है।वही आनंद फानंद में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। तालाब में घुसकर काफी खोजबीन किया तो बच्चा तालाब में के कीचड़ में दबा हुआ मिला। परिवार के ही चाचा लोगों के कहने पर किशोर के माता-पिता ने दबाव वश अपने बेटे का अंतिम संस्कार कर दिया वहीं साथ में मौजूद किशोर ने बताया कि एक अज्ञात और उसके साथ अवधेश नाम का एक लड़का वहां पर शिवम को तालाब में मार रहे थे। परिजनों का कहना है कि कई वर्षों से अवधेश और वह उसके पिता लोगों से बंटवारे को लेकर पुरानी रंजीत चल रही थी, इस खुन्नस बस मेरे बेटे को मार कर तालाब में डाल दिया गया और जब बच्चे का शव तालाब से निकला तो चाचा के ही घर वालों ने दबाव देकर मेरे बेटे का अंतिम संस्कार करवा दिया। वहीं किशोर के माता-पिता अपने परिजनों के साथ पहुंचे और शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम कर उचित कार्रवाई करने की मांग की।

## युवक ने खाया जहर, उपचार के दौरान हुई मौत, परिजनो में कोहराम



**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के ग्राम सभा धुमाई में बीती कल शाम एक युवक ने जहर खा लिया जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नथन लाल होमगार्ड है इनके 4 पुत्र हैं 4 भाइयों में दूसरा युवक भीम 21 वर्ष शराब का लती है परिजनों के अनुसार बीती कल शनिवार शराब पिए था किसी बात से अक्रोशित होकर सलफास की गोली दिखाकर धमकी दे रहा था कि वह जहर खा लेगा ऐसा करते हुए 3, बजे घर से निकल गया कुछ घंटों बाद गांव के किसी व्यक्ति ने सूचना दी कि संकरा बाबा मंदिर चबूतरा में भीम तड़प रहा है सूचना सुनकर मृतक की माता पार्वती किसी के मोटरसाइकिल से मौके पर पहुंची युवक को तड़पते देख पार्वती मोटरसाइकिल से उसे जिला अस्पताल मंझनपुर ले गई जहां उपचार के दौरान देर रात्रि मौत हो गई मौत होने पर पार्वती अपने बेटे के शव को एंबुलेंस से घर लाई है खबर लिखे जाने तक मृतक के शव को घर में रखकर होमगार्ड नथन जो कि चुनाव ड्यूटी में किसी दूसरे क्षेत्र गया है पार्वती का कहना है कि पति के आने पर पर ही शव को कुछ किया जाएगा।

## न्यूज झरोखा

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**कौशाम्बी** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत नवीन मंडी समिति,ओसा में बनाए जा रहे स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी,मंझनपुर आकाश सिंह को निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम बनाने के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय,किसी प्रकार की कोई कमी न रहने पाए। इसके साथ ही उन्होंने उप जिलाधिकारी को अर्ध सैनिक बलों के ठहरने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार गोंड तथा अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### दो घरों में लगी आग 45000 का सामान खाक



**महेवाघाट कौशाम्बी** मंझनपुर तहसील के जाफरपुर महावा गांव में रविवार दोपहर कूड़े की आग से गांव के गिरधारी लाल वा लालजी के घर मे आग लग जाने से दोनों घर में 45000 का नुकसान हो गया है गिरधारी लाल अपने जानवरों के लिए गांव में एक घर बनाये है जिसमे पीछे गांव के लोग कूड़ा फेकते है जिससे दोपहर में आग लग गई जिसमें अंदर रखा भूसा,लकड़ी,सहित बीस हजार का सामना जलकर राख हो गया।आग की लपटें बगल में ही लालजी के घर पहुंच गई जिसमें गृहस्थी का पच्चीस हजार का सामना जल गया।पश्चिम शरीरा फायर बिग्रेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग में काबू पा लिया है।हल्का लेखपाल हिमांशी निमेश ने नुकसान का आकलन कर तहसील में रिपोर्ट भेजने की बात कही है।

### अनियंत्रित ट्रेलर की टक्कर कोतवाली सैनी का चौकी दार घायल



**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली का चौकी दार किसी कार्य वश राष्टीय राजमार्ग होकर कमासिन की तरफ गया था तभी अनियंत्रित ट्रेलर ने चौकी दार धर्मपाल 55 वर्ष को टक्कर मार दी है घायल धर्मपाल कमासिन गांव का निवासी है टक्कर से धर्मपाल का पैर फ्रैक्चर हो गया मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल चौकी दार को एंबुलेंस के माध्यम से उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज कर दुर्घटना कारित वाहन को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है।

### सेंध काटकर किसान का घर खंगाल ले गए चोर



**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के अटसरई गांव में शनिवार की रात चोरों ने सेंध काटकर किसान के घर में रखे नकदी व जेवरात पार कर दिया सुबह जब गृह स्वामी ने घर में सामान बिखरा देखा तो सन्न रह गया। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने मौका-मुआयना करते हुए तहरीर लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसरई गांव निवासी कृष्ण पाल पुत्र बाबूलाल गांव के बाहर ट्यूबवेल में परिवार के साथ रहता है। शनिवार की रात कृष्ण पाल खाना पीना खाकर परिवार के साथ घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था। आधी रात घर के पीछे से दीवार में सेंध काटकर अंदर की फर्श काटकर अंदर घुसे चोरों ने 15 हजार की नकदी के साथ एक तोडिया, लॉकेट सहित गृहस्थी का अन्य सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार के लोगों को सुबह हुई। घर का बिखरा सामान देख परिजन दंग रह गये। पड़ोसी के घर चोरी की भनक लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका-मुआयना करते हुए पीड़ित से तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### सुदामा चरित्र की सुनाई गई कथा



**महेवाघाट कौशाम्बी** सरसवा ब्लाक के रायपुर एवं कटरी के बीच भैरव बाबा में चल रहे कथा के आखिरी दिवस में व्यास दिलीप महाराज द्वारा सुदामा चरित्र की कथा सुनाई गई । इस अवसर पर मुख्य यजमान मुन्ना लाल त्रिपाठी, रामेश्वरी देवी, राम सेवक त्रिपाठी, सोमदत्त शुक्ला , श्रवण, रामनारायण , राहुल, कृष्णदत्त, मिश्री लाल प्रधान, निवर्तमान विधायक लाल बहादुर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर सहित समस्त क्षेत्रवासी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

### लोधौर चौकी प्रभारी मेज पर जूता पहन कर रखते है पैर

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना के पुलिस चौकी प्रभारी लोधौर के कारनामे पुलिस वर्दी को शर्मसार कर रहे हैं पुलिस महकमे के अनुशासन को चौकी प्रभारी नहीं मानते हैं लोधौर चौकी प्रभारी जूता पहनकर पैर ऊपर करके मेज के ऊपर रखकर फरियादियों से बात करते हैं सामने फरियादी बैठे रहते हैं जो अपमानित महसूस करते हैं फरियादियों के सामने जूता पहनकर मेज के ऊपर पैर रखना उनकी सभ्यता को दर्शा रहा है लेकिन फरियादी चौकी प्रभारी के इस आचरण का खुलकर तो विरोध नहीं कर रहे हैं लेकिन दबी जुबान से चर्चा करते हैं रविवार को दिन में लगभग 10:00 बजे मेज के ऊपर जूता पहने पैर रख कर फर4 कुर्सी में बैठे चौकी प्रभारी लोगों से बात कर रहे थे क्या पुलिस महकमें का यही अनुशासन है उनके इस कारनामे को आते-जाते लोगों ने भी देखा है।

### बिजली कटौती से बिलबिता रहे नगर के लोग

**कौशाम्बी** गर्मी शुरू होते ही बिजली विभाग ने कटौती तेज कर दी है जिससे नगर के लोग बिलबिल उठाते हैं कई कई बार ट्रिपिंग करना और पूरे दिन बिजली की कटौती करना विभाग के दिनचर्या में शामिल हो गया है गर्मी के महीने में बिना इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों कूलर पंखा के लोगों का जीना मुहाल है रविवार के दिन 11:00 बजे दिन में मंझनपुर पर मुख्यालय के नेहरू नगर सहित विभिन्न मोहल्ले की बिजली सप्लाई विभाग में बंद कर दी शाम 5:30 बजे तक बिजली सप्लाई नहीं हुई है जिससे लोग परेशान हो उठे हैं पूरे जिले में बिजली कटौती हो रही है दिन में लगातार बिजली कटौती होने से लोगों के व्यवसाय पर भी प्रभाव पड़ रहा है लेकिन दुकानदारों से कमर्शियल बिल लिया जा रहा है लेकिन दुकान के समय में बिजली की सप्लाई नहीं मिल रही है जिससे उनके धंधे बंद है मामले की शिकायत पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारियों से की गई है।

# टोल प्लाजा ने दुर्घटना रोकने से संबंधित गोष्ठी कर लोगों को किया जागरूक




**कौशांबी।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा परियोजना निदेशक, परियोजना कार्यान्वयन इकाई, आगरा, अलीगढ़, बरेली, मुरादाबाद, कानपुर, कन्नौज, लखनऊ, झॉसी एवं बदायूँ। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा दिनांक 22.04.2024 से दिनांक 04.05.2024 तक मनाये जाने के संबंध में आदेशित किया गया। टोल प्लाजा कोखराज में टोल मैनेजर नवीन यादव शशि भूषण द्विवेदी प्रोजेक्ट हेड अवनीश कुमार आदि ने कोखराज हंडिया एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दुर्घटना से बचाव के संबंध में एक गोष्ठी के माध्यम से शनिवार को लोगों को जागरूक किया गया है। उपरोक्त से संदर्भित अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन/स०सु०), उ०प्र० का पत्र दिनांक 22.04.2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि प्रदेश में बढ़ती हुई सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या में कमी लाये जाने हेतु जन-मानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से 22.04.2024 से 04.05.2023 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा सभी स्टेक होल्डर विभागों द्वारा आयोजित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। उपरोक्त के संबंध में संलग्न कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 22.04.2024 से 04.05.2024 तक मनाये जाने वाले 'सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न आयोजनों एवं गतिविधियों को सफल बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर कृत कार्यवाही से कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

## निकाह का झांसा देकर विधवा से दुष्कर्म, केस न दर्ज होने पर एसपी से शिकायत

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के एक गांव में विधवा भाभी से निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप देवर पर लगा है। मामले की शिकायत पीड़िता ने इलाकाई पुलिस से करके न्याय की गुहार लगाई थी। आरोप है की दुष्कर्म के आरोपित को करारी पुलिस ने छोड़ दिया है। इसके साथ ही केस नही दर्ज किया।न्याय न मिलने से शनिवार को पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। करारी क्षेत्र के एक गांव में निकाह का झांसा देकर सगे देवर ने विधवा भाभी के साथ कई बार दुष्कर्म किया।विधवा ने निकाह का दबाव बनाया तो देवर मुकर गया। बीते 28 मई की रात 10 बजे देवर ने विधवा भाभी के घर जाकर जबरन दुष्कर्म किया। शोर गुल होने पर सो रहे बच्चे जाग गए और युवक को अर्धनग्न हालत में देख लिया। तो वहीं कहीं भी शिकायत करने पर विधवा को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। दूसरे दिन इसकी शिकायत पीड़िता ने करारी पुलिस से करके न्याय की गुहार लगाई थी।आरोप है की कई दिनो तक थाने का चक्कर लगाने के बाद भी केस नही दर्ज हुआ। इसके साथ ही दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पकड़कर थाना से छोड़ दिया है। केस न दर्ज होने पर शनिवार को पीड़िता एसपी के पास जाकर न्याय की गुहार लगाई है।

## एक पति के रहते दूसरे पति से महिला ने किया शादी

**पत्नी ने पति को घर से निकाला बंद किया ताला न्याय के लिए दर दर भटक रहा पति पुरुष होने से नहीं मिल रहा न्याय**

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदाबाद केवट पुरवा निवासी संजय कुमार की शादी 2005 मे रेशमा से हुई थी जिसके सहर्ष दो पुत्री का जन्म हुआ शादी के चौदह वर्षो तक दोनो पति पत्नी के बीच बहुत ही मधुर सम्बंध थे जिससे दम्पति हंसी खुशी से वैवाहिक जीवन का निर्वाह कर रहे थे और पति संजय कुमार बाहर मेहनत मजदूरी कर पैसा कमाता और पत्नी को देता और पत्नी अपने पति संजय कुमार की मेहनत की कमाई से घर चलाती इसी तरह समय बीतता गया और पति संजय कुमार निरंतर मन लगा कर परदेश मे मेहनत मजदूरी कर पैसा कमाकर अपनी पत्नी को देता रहा तभी गांव मे पत्नी के नाम एक जमीन खरीद कर सुन्दर मकान का निर्माण करा दिया जिसमे संजय कुमार अपनी पत्नी व दोनो पुत्रियों के साथ मकान मे रहने लगे जिसके कुछ दिन बाद पता चला की पत्नी की मेरे साथ दूसरी शादी हुई है संजय कुमार ने अपनी पत्नी से पूर्व की शादी के सम्बन्ध मे कड़ाई पूछा तो पत्नी ने बताया की मेरी पहली शादी हुई थी जिससे तीन पुत्रीय है जिसमे से एक की मृत्यु हो गयी है शेष दो मेरे मायके मे अपने मामा के साथ रह रही है तभी से दोनों पति पत्नी के बीच अनमन रहने लगी जिसके कुछ दिन बाद पत्नी ने दोनो पुत्रियों के साथ मिल कर अपने पति संजय कुमार को नव निर्मित मकान से धक्के मार कर निकाल दिया और स्वंम मकान मे ताला बन्द कर प्रयागराज मे किराये का आलीशान मकान लेकर रहने लगी और पति संजय कुमार के ऊपर न्यायालय मे गुजारा भत्ता सहित कई अन्य धाराओं मे मुकदमा कर दिया जो न्यायालय मे विचाराधीन है। प्रयागराज के ,वी आई पी मोहल्ले मे विथ रिहायसी मकान में रहने से रेशमा का लगभग महीने का पचास हजार रुपये का खर्च है जो एक मजबूत आय के स्रोत की तरफ संकेत कर रहा है वही पर बेघर बेरोजगार पति को गुजराभत्ता के लिए परेशान कर दण्डित किया करती है।

## तेज रफ्तार अनियंत्रित कार सवारियों से भरी ऑटो में टक्कर मारकर डिवाइडर पर चढ़ी, ऑटो सवार कई घायल



**अझुवा कौशाम्बी।** जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है जहा एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और सवारियों से भरी ऑटो में टक्कर मारकर डिवाइडर पर चढ़ गई,हादसे में ऑटो में सवार कई यात्री सहित दोनों वाहन के चालक घायल हो गए,घटना की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस और एंबुलेंस को जानकारी दी,सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा है। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र से कड़ा कोतवाली के परास गांव जा रहे अप्पे चालक अमित कुमार को कमासिन के पास कार ने टक्कर मार दी है जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाइवे केसरिया गांव के पास ऑटो पहुँचा तेज रफ्तार कार चालक अमित सिंह पुत्र अशोक कुमार सिंह निवासी फूलपुर ने ऑटो को टक्कर मारती हुई डिवाइडर पर चढ़ गई दुर्घटना इतनी तेज थी कि ऑटो सड़क पर पलट गया ऑटो पलटते ही चीख पुकार मच गई आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई हादसे में ऑटो में सवार महिलाए एवम कई अन्य घायल हो गए,सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा,जहा सभी का इलाज चल रहा है।पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है हादसे में रूपा रानी पुत्री सरजू ननकी देवी पत्नी प्रेम कमला पुत्री शिवराज मीना पुत्री रघुराज कोमल पुत्री दशरथ सहित कई लोग गंभीर घायल हो गए हैं।

## बाइक सवार अनियंत्रित होकर ठेलिया से टकराया, हुआ गंभीर घायल

**अझुवा कौशांबी।** कोखराज थाना के कल्यान पुर के पास राष्टीय राजमार्ग पर बाइक सवार अनियंत्रित होकर ठेलिया से टकरा गया जिसमे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनाक्रम के मुताबिक पप्पू 32 वर्ष पुत्र केसन लाल मौर्य निवासी आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 6 कृष्णा नगर निवासी अपनी बाइक में पत्नी सीता देवी और 2 बच्चों आशीष ,अभिषेक को लेकर भरवारी ससुराल जा रहा था राष्टीय राजमार्ग कल्याण पुर के पास सरिया लोड ठेलिया से भिड़ गया जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई सभी सवार सड़क पर गिर गए जिसमे पप्पू के पैरों में सरिया घुस गई,पत्नी और बच्चो को आंशिक चोट आई है। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस द्वारा मूरत गंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां गंभीर स्थिति देख परिजनो ने घायल युवक को स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज में भर्ती कराया है ।

### खेत में मिला नवजात शिशु का शव

**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में गत्ते के कार्टून में कपड़े में लपेट कर नवजात शिशु का शव मिलने से हड़कंप मच गया,मैच खेलने गए बच्चों ने मासूम बच्चे का शव देखा तो ग्रामीणों की जानकारी दी,नवजात शिशु के शव को देखकर मौके से भीड़ जमा हो गई,सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के भेलखा गांव के बाहर एक गत्ते के कार्टून में एक नवजात शिशु का शव मिला है,कई बच्चे वहा क्रिकेट खेल रहे थे,तभी बॉल गत्ते से टकरा गई और गत्ता फट जन इसे नवजात शिशु का शव बाहर आ गया, बच्चो ने नवजात शिशु का शव देखा तो डर गए और लोगो को इसकी जानकारी दी,नवजात का शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

# 14000 किलोमीटर तय कर कौशांबी के भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी पहुँची डॉ. किरण सेठ की एकल साइकिल यात्रा

**भरवारी कौशाम्बी।** प्रख्यात शिक्षाविद् और पद्म श्री सम्मानित, 74 वर्षीय डॉ. किरण सेठ, जो रढक्ळ टअउअ के संस्थापक और क्क्ळ-दिल्ली के पूर्व प्रोफेसर एमेरिटस हैं, वे अपनी अखिल भारतीय ₹एकल साइकिल₹ यात्रा के तहत आज भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी कौशांबी पहुँच चुके है जहां पर प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने उनका माल्यार्पण एवं साल ओढ़ाकर स्वागत किया।इस दौरान समस्त बच्चों को डॉक्टर सेठ ने अनेक महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कला एवं संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया एवं अपने अनुभव को छात्रों के बीच साझा किया।एक महान व्यक्तित्व एवं सीक्षाविद के भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी कौशांबी में आगमन को लेकर निदेशक संदीप सक्सेना, ट्रेजरर डॉक्टर प्रशांत अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

डॉक्टर सेठ ने यह यात्रा 15 अगस्त 2022 को श्रीनगर से शुरू की और 14 फरवरी 2023 को कन्याकुमारी पहुँचे। इसके बाद, उन्होंने कन्याकुमारी से गुवाहाटी तक साइकिल यात्रा की, जिसमें केरल, गोवा, तटीय कर्नाटक, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम की यात्रा की। यात्रा के दौरान, उन्होंने हजारों छात्रों, शिक्षकों और शैक्षिक संस्थानों के प्रमुखों से मुलाकात की और साइकिलिंग, स्वयंसेवा और गांधीवादी मूल्यों पर चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्रियों, राज्यपालों और सरकारी अधिकारियों से भी मुलाकात की और इस आंदोलन को देश के हर बच्चे तक पहुँचाने के लिए उनकी मदद मांगी। इसके अंतिम चरण में, सोलो साइकल यात्रा ने बिहार में वापसी की है। डॉ. सेठ ने दिसंबर 2023 में पूर्वोत्तर की यात्रा के दौरान बिहार से होकर गुजरे थे। जनवरी से मार्च तक लगभग दो महीने पूर्वोत्तर राज्यों में बिताने के बाद, उन्होंने सिक्किम और बंगाल की यात्रा की और अप्रैल के अन्तिम सप्ताह में उत्तर प्रदेश ग़ाज़ीपुर,वाराणसी,भदोही .हंडिया ,अयोध्या से होते हुए कल प्रयागराज आ रहे हैं यात्रा के दौरान, डॉ. सेठ ने विभिन्न छोटे शहरों के स्कूलों और कॉलेजों में रुककर छात्रों और शिक्षकों से मुलाकात की और उन्हें रढक्ळ टअउअ के सांस्कृतिक क्रांति में शामिल होने का न प्रोफेसर सेठ ने छात्रों से अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनका साइकिल चलाना और उनकी स्वयंसेवा न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी हैं बल्कि इस प्रकार की गतिविधियां सादगी-पूर्ण जीवन पद्धति को प्रोत्साहित



करती हैं, जो आत्म-अन्वेषण के लिए नितांत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा, निष्काम सेवा सदैव से भारत की सामाजिक व्यवस्था और सांस्कृतिक पहचान का आधारभूत अंग है।₹ उन्होंने युवाओं में अपने विरासत के प्रति आत्म-गौरव और भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति को समृद्ध व संरक्षित करने में गांधीवादी मूल्यों के महत्वपूर्ण भूमिका की बात कही देश भर के युवा छात्र प्रोफेसर सेठ की परिचर्चा और सादगीपूर्ण जीवन शैली से प्रभावित हो रहे है। प्रोफेसर सेठ उन्हें आंतरिक चिंतन, व्यक्तिगत विकास और सामुदायिक कल्याण की दिशा में पहल करने की प्रेरणा दे रहे हैं। प्रो. सेठ की ने छात्रों को आधुनिक जीवनशैली के विकल्पों और उनके जैविक व सांस्कृतिक संरक्षण के अंतर्संबंध की महत्ता की ओर आकर्षित किया है। डॉ. सेठ ने अबतक लगभग 14,000 किलोमीटर की यात्रा की है। उनका मिशन युवाओं को प्रेरित करना रहा है, उन्हें भारतीय सांस्कृतिक विरासत में निहित अमूर्त, सूक्ष्म और रहस्यमय पहलुओं के बारे में जागरूक करना। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने सैकड़ों शैक्षिक संस्थानों से जुड़े हैं, हजारों की संख्या में उन्होंने युवा-वर्ग से संवाद किया है और भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति के गहरे मूल्य की खोज के लिए उन्हे प्रेरित किया। डॉ. किरण सेठ के साइकिल चलाने का उद्देश्य है: महात्मा गांधी के सादगीपूर्ण जीवन और उच्च विचारों की की ओर युवा वर्ग को प्रेरित करना।लोगों को भारतीय विरासत को संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए। यह बताना कि साइकिलिंग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छी है और पर्यावरण के लिए लाभकारी है। डॉ. किरण सेठ एक साधारण साइकिल पर चलते हैं जिसमें कोई गियर, फैंसी सामान नहीं है वे सीमित कपड़ों और व्यक्तिगत वस्तुओं के साथ यात्रा करते हैं, जिसमें न्यूनतम सामान होता है।

**SPIC MACAY के बारे में:** भरवारी कौशाम्बी भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति के प्रोत्साहन के लिए आंदोलन के रूप में कार्यरत SPIC MACAY एक 46 वर्ष पुरानी राष्ट्रव्यापी, गैर-राजनीतिक, स्वयंसेवी और एक पंजीकृत संस्था है जो शास्त्रीय संगीत और नृत्य, लोक संगीत, योग, सिनेमा प्रदर्शन, वार्ता, यात्राएं, शिल्प कार्यशालाएं आयोजित करती हैं। इसका उद्देश्य स्कूल और कॉलेज के परिसरों में छात्रों को भारतीय विरासत में सक्रिय रूप से रूचि लेने के लिए प्रेरित करना है। इससे जुड़े विभिन्न स्वयंसेवक हर साल भारत और विदेशों के 800 शहरों में 5000 कार्यक्रम आयोजित करते हैं। लगभग 50 अन्य देशों में भी यह संगठन लोगों में देने की भावना और निष्काम सेवा को बढ़ावा देता है।

SPIC MACAY एक प्रकार का जन आंदोलन है जो हमें हमारी भारतीयता के करीब लाता है। जैसे स्वतंत्रता आंदोलन ने हमें अहिंसा का महत्वपूर्ण पाठ सिखाया, रढक्ळ टअउअ निष्काम सेवा का महत्वपूर्ण पाठ सिखाता है।

**डॉ. किरण सेठ के बारे में :** भरवारी कौशाम्बी किरण सेठ (जन्म 1949) एक शिक्षाविद् और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (क्क्ळ) दिल्ली में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के पूर्व प्रोफेसर एमेरिटस हैं। वे मुख्य रूप से रढक्ळ टअउअ (1977) के संस्थापक के रूप में जाने जाते हैं, जो एक गैर-लाभकारी संगठन है जो भारतीय विरासत और स्वयंसेवा की भावना को बढ़ावा देता है। 2009 में, उन्हें कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया। डॉ. सेठ का कहना है कि वे 75 वर्ष की आयु में इस चुनौती को इसलिए उठा पा रहे हैं क्योंकि वे बचपन से ही योग कर रहे हैं। इसके अलावा, वे साइकिलिंग को ध्यान की तरह लेते हैं, न कि केवल शारीरिक व्यायाम के रूप में। वे युवाओं को यही संदेश देना चाहते हैं कि कैसे भारतीय संस्कृति और विरासत से प्राप्त जीवन दृष्टि उन्हे स्मार्ट, स्वावलंबी और अपूर्व क्षमतावान बनाती है। जब पूछा गया कि उन्होंने साइकिलिंग का चयन क्यों किया और पर्वतारोहण या चलना या कुछ और क्यों नहीं, तो उन्होंने कहा कि आजकल साइकिलिंग युवाओं के बीच एक प्रवृत्ति की तरह है इसलिए वे इस प्रवृत्ति का उपयोग युवाओं को आकर्षित करने के लिए कर रहे हैं ताकि वे SPIC MACAY और इसके उद्देश्य के बारे में जागरूक हो सकें कि प्रत्येक बच्चे को भारतीय और विश्व विरासत में निहित प्रेरणास्पद व अमूर्त पहलुओं को आत्मसात कराना है।

## संपादक की कलम से

### लोकसभा चुनावों में धराशायी विपक्ष के टूलकिट आधारित मुद्दे !

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बयान जारी कर राहुल गांधी के सभी आरोपों को मिथ्या बताया। महासचिव चंपत राय ने बताया कि राहुल गांधी को स्मरण कराना चाहूंगा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दोनों को रामलला के मूल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आमंत्रित किया गया था। स्वतंत्रता के बाद भारत में अभी तक जितने भी लोकसभा या विधानसभा चुनाव संपन्न हुए हैं उनमें पहली बार कांग्रेस के नेतृत्व में बना गठबंधन हर दृष्टि से कमजोर नजर आ रहा है। जब से लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस व इंडी गठबंधन के नेताओं ने प्रचार आरम्भ किया है तभी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी व उनके प्रवक्ता मीडिया एजेंसियों व टीवी चैनलो पर बैठकर केवल एक ही बहस कर रहे हैं कि अगर मोदी जी तीसरी बार 400 सीटों के साथ प्रधानमंत्री बन जाते हैं तो फिर भाजपा संविधान को फाड़ कर फेंक देगी, दोबारा चुनाव नहीं होंगे क्योंकि इनके पास कोई मुद्दा नहीं है मोदी जी को घेरने का। इसके अतिरिक्त मोदी जी और अमित शाह के एआई द्वारा बनाए गए डीप फेक वीडियो या फिर सम्पादित/ डॉक्टर्ड वीडियो को आधार बनाकर झूठ फैला रहे हैं। पिछले दिनों अमित शाह के ऐसे ही एक वीडियो के साथ आरक्षण के सम्बन्ध में दुष्प्रचार किया गया हालांकि अब इस पर दिल्ली पुलिस ने कार्यवही आरम्भ कर दी है और कई लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस फर्जी वीडियो प्रकरण को को अपने पक्ष में मोड़कर मुद्दा बनाने मे कुछ हद तक सफलता प्राप्त कर ली है साथ ही वे संविधान और आरक्षण के नाम पर विगत 70 साल में पिछली सरकारों ने जो किया उसे भी बेनकाब कर रहे हैं। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार आने के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ आरक्षण विरोधी होने का दावा कर अभियान चलाया जा रहा है। बिहार में 2015 के विधानसभा चुनावों में नीतीश कुमार और लालू यादव के बीच गबठबंधन हुआ था तब इन दलों ने पांचजन्य साप्ताहिक में प्रकाशित एक साक्षात्कार के आधार पर संघ के खिलाफ विषवमन किया था। बसपा नेत्री मायावती ने एक पुस्तिका प्रकाशित करवा के घर घर तक बंटवाई थी और बताया गया था कि संघ किस प्रकार से आरक्षण विरोधी है। अब समय बदल चुका है यह 2024 की बदली हुई भाजपा और संघ है जो दुष्प्रचार के प्रति पूरी तरह सतर्क और सशक्त है। इस बार कांग्रेस नेताओं का यह दांव जमीनी धरातल पर नहीं उतर पा रहा है क्योंकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि संघ हमेशा संविधान सम्मत आरक्षण का पक्षधर रहा है। संघ का मानना है कि जब तक सामाजिक भेदभाव रहेगा या आरक्षण देने के कारण बने रहेंगे तब तक आरक्षण जारी रहे।संघ प्रमुख ने कहा कि उन्होंने एक वीडियो के बारे में सुना है जिसमें कहा गया है कि संघ आरक्षण के खिलाफ है। संघ आरक्षण का कभी विरोधी नहीं रहा है किंतु यह उसके खिलाफ विमर्श स्थापित किया जा रहा है क्योंकि कांग्रेस को लगता है कि संघ व भाजपा को आरक्षण व संविधान विरोधी साबित कर वह चुनावी किला फतह कर सकती है। राहुल गांधी आजकल भाजपा को संविधान विरोधी साबित करने में दिन-रात एक किये हुए है जबकि वास्तविकता यह है कि अगर आज आम नागरिक अपने संविधान को जान रहा है, पढ़ रहा है और उसके अनुरूप आचरण करना चाह रहा है और उसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास ही हैं क्योंक अब हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जा रहा है। भारतीय संविधान को अब वेबसाइट पर आसानी से पढ़ा जा सकता है। नए संसद भवन के उद्घाटन और सेंगोल स्थापना के अवसर पर सदन के सदस्यों को भी संविधान की मूल प्रति दी गई। कांग्रेस जो आज संविधान- संविधान का राग अलाप रही है संविधान का सत्यानाश कांग्रेस ने ही किया था। श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए संविधान में मूल भूत परिवर्तन करके उसमें धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी जैसे शब्द जोड़कर उसकी आत्मा ही नष्ट कर दी, आपातकाल लगाकर अपनी विकृत तानाशाही मानसिकता का परिचय दिया और मनमर्जी से विपक्षी दलों की प्रदेश सरकारों को गिराया। कांग्रेस के कार्यकाल में संविधान एक परिवार का बंधक हो गया था व एक धर्म विशेष का तुष्टीकरण कर रहा था। इसी प्रकार कांग्रेस अयोध्या में प्रभु राम की जन्मभूमि और उस पर बन रहे भव्य मंदिर के प्रति भी नकारात्मक रही है। जन जन के आराध्य प्रभु राम को काल्पनिक कहने वाली कांग्रेस ने पहले तो मुद्दे को भटकाने, लटकाने, अटकाने के लिए जी जान लगा दी फिर भी असफल रहने पर अपने मुस्लिम तुष्टीकरण को मजबूती प्रदान कनने के लिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार किया। उसके बाद राहुल गांधी व विपक्ष के नेता जनसभाओं में बयान देने लगे कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में दलित आदिवासी होने के कारण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया गया। यह भी बयान दिए जाने लग गये कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में केवल और केवल बड़े उद्योगपति और बड़े घरानो के लोग ही उपस्थित रहे आम जनता को कोई भाव नहीं दिया गया। पिछले दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अयोध्या में रामलला के दर्शन करके ने राहुल गांधी के इस झूठ का करारा उत्तर दे दिया। राम मंदिर के गर्भगृह में राष्ट्रपति की उपस्थिति ने कांग्रेस नेता के आरोप को बुरी तरह से धो डाला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गर्भगृह में पहुंचकर रामलला का विधिवत पूजन किया। आराध्य को निकट से देखकर राष्ट्रपति बहुत भावुक दिखीं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने अनुभव भी साझा किए।

### क्यों श्रेष्ठ कॉलेज खोलें गांवों में स्कूल

**आर.के. सिन्हा**

कभी विचार कीजिए कि किसी स्कूल या कॉलेज को किस आधार पर श्रेष्ठ कहा जाना चाहिए? बेशक, इसका एकमात्र पैमाना यही हो सकता है कि उस शिक्षण संस्थान ने अपने विद्यार्थियों को इस तरह के संस्कार दिए जिसके चलते उन्होंने आगे चलकर बेहतर नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा की। इसका एक पैमाना यह भी हो सकता है कि क्या उसने ( शिक्षण संस्थान) ने अपना विस्तार किया ? विस्तार से मतलब है कि क्या उसने अपनी कोई अन्य शाखा भी खोली और वहां का शिक्षण भी श्रेष्ठ और स्तरीय रहा । बेशक, इस मोर्चे पर दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज का नाम लेना होगा। सेंट स्टीफंस कॉलेज को गांधी जी के परम सहयोगी दीनबंधु सी.एफ.एंड्रूज की संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था। एंड्रूज ब्रिटिश नागरिक होते हुए भी भारत की आजादी के समर्थक थे। उन्होंने सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाया भी। अब उनके कॉलेज ने अपना विस्तार कर लिया है। इसने कोई अन्य कॉलेज नहीं खोला है।

दरअसल अब दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने दिल्ली और हरियाणा के सोनीपत की सीमा के राई नामक ग्रामीण क्षेत्र में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल खोला है। यानी कि यह स्कूल शहरों और महानगरों की चमक-दमक से दू? ज्ञान की रोशनी को फैलाएगा। निश्चित रूप से प्रत्येक शिक्षण संस्था का यही लक्ष्य होना चाहिए। भारत के गांवों में जितने बेहतर स्कूल खुले, उतना ही बेहतर होगा। हमारे बड़े-बड़े शहरों में तो अब खूब स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय खुल रहे हैं, पर जरूरत है ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक स्कूल खोलने की है, जिनकी स्तरीय फैकल्टी हो और वहां बाकी तमाम सुविधाएं भी मौजूद हों।यह प्रयास पिछले लगभग 140 वर्षों में 700 से ज्यादा शिक्षण संस्थान देश के कोने-कोने में खोले और सेवा भाव से चलायो सन 1885 में महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय द्वारा स्थापित डी०ए०वी०( पूरा नाम- दयानंद एग्रो वैदिक स्कूल और कॉलेज समूह इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण है कि समाज में सेवा भावना से चलाया जाने वाला कार्य भी सफल हो सकता है अभी कुछ दिन पहले संघ लोक सेवा परीक्षा ( यूपीएससी) की परीक्षा के नतीजे घोषित किए गए। सारा मीडिया सफल कैंडिडेट्स के इंटरव्यू करता रहा। बीते सालों की तरह से इस बार भी राजधानी के सेंट स्टीफंस कॉलेज से पढ़े हुए बहुत से विद्यार्थियों ने यूपीएससी परीक्षा को क्रैक किया। सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र रहे अंशुल भट्ट ने मेरिट लिस्ट में 14वें स्थान ग्रहण किया। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से लेकर भारतीय रिजर्व बैंक अध्यक्ष शक्तिकांत दास सेंट स्टीफंस कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी सेंट स्टीफंस कॉलेज से ही पढ़ाई की है। इसने देश के न जाने कितने सितारे निकाले हैं। उनकी गिनती करना असंभव है। सेंट स्टीफंस कॉलेज के शुरूआती दौर में पढ़ने के लिए मौजूदा हरियाणा राज्य से चौधरी छोटूराम भी आया करते थे। वे आगे चलकर किसानों के मसीहा कहलाए। अब भी हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ग्रामीण जनता चौधरी छोटूराम को अपना मसीहा मानती है। संयोग देखिए कि अब उनके प्रदेश में उनके शिक्षण संस्थान ने दस्तक दे दी। जाहिर है, इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनता को भी मिलेगा। अगर आपका कभी दिल्ली के चांदनी चौक में जाना हो तो आपको वहां पर किनारी बाजार को ढूंढने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। वहां से आप कटरा खुशहाल राय में चंद मिनटों में पहुंच सकते हैं। यहां पर पहुंचकर किसी से पूछिए कि सेंट स्टीफंस कॉलेज कहां था? आपको कोई ना कोई बता देगा कि उस सामान्य सी हवेली का रास्ता जहां से 1 फरवरी, 1881 को सेंट स्टीफंस कॉलेज की यात्रा शुरू हुई थी। यह तब कलकत्ता यूनिवर्सिटी का हिस्सा था। सेंट स्टीफंस कॉलेज की दिल्ली के चांदनी चौक में स्थित पहली इमारत को देखकर कोई सोच भी नहीं सकता कि यहां से शुरू हुआ सेंट स्टीफंस कॉलेज बुलंदियों को छूने लगेगा। जो सफर 140 साल से भी पहले शुरू हुआ था था, उसका अब विस्तार हो चुका है। सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज खुल चुका है। महत्वपूर्ण है कि दिल्ली में ब्रदरहुड ऑफ दि एसेंनडेंड क्राइस्ट की स्थापना सन 1877 में हुई थी।

# पाकिस्तान के दमन से उबलता पीओके

**अरविंद जयतिलक**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**




भले ही पाकिस्तान और उसके हुक्मरान पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) को आजाद कश्मीर का तमगा दें लेकिन सच यही है कि यहां के लोगों के हालात गुलामों से भी बदतर हो चुका है। यहां के लोग पाकिस्तानी सेना के अत्याचार और दमन से इस कदर पीड़ित हैं कि वे अतिशीघ्र भारत में विलय को तैयार हैं। पीओके के लोगों का कहना है कि वे वास्तविक रुप से वे भारत के ही हिस्सा हैं लेकिन पाकिस्तान ने जबरन उनपर कब्जा कर रखा है। पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के अत्याचार से ऊब चुके हैं और अब बगावत के लिए तैयार हैं। उनका हौसला इसलिए भी बुलंद है कि गुलाम कश्मीर को वापस लेने के लिए भारत मन बना लिया है। याद होगा अभी 2022 में भारतीय सेना के प्रमुख रह चुके जनरल मनोज मुकुंद नरवाने ने कहा था कि अगर संसद आदेश देगी तो पीओके पर हमारा कब्जा होगा। यहां ध्यान रखना होगा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भी संसद में कहा जा चुका है कि पीओके भारत का हिस्सा है और वह इसे लेकर रहेंगे। उधर, पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के बढ़ते अत्याचार और दमन के खिलाफ ह्यकरो या मरोह्न के लिए कमर कस लिए हैं।

स्थानीय नागरिकों द्वारा पाकिस्तानी सेना के खिलाफ लगातार पाकिस्तानी फौजियों कश्मीर छोड़ों का आंदोलन चलाया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पीओके के राजनीतिक कार्यकर्ता जेनेवा में पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मानें तो पाकिस्तान की सेना पीओके में मानवाधिकार का उलंघन कर रही है और प्राकृतिक संसाधनों को लूट रही है। पीओके में बढ़ते अत्याचार और मानव अधिकारों को लेकर हो रहे प्रदर्शन से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की फजीहत बढ़ रही है। इससे बचने के लिए कभी उसके प्रधानमंत्री मुजफ्फराबाद का दौरा कर रहे हैं तो कभी भारत के खिलाफ अनर्गल प्रलाप कर दुनिया का ध्यान बंटा रहे हैं। लेकिन सच्चाई यहीं है कि उसके हाथ से अब पीओके सरक रहा है। गौर करें तो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके यह मूल कश्मीर का वह भाग है जिस पर पाकिस्तान ने 1947 में हमला कर जबरदस्ती अधिकार कर लिया था। जबकि असल में यह क्षेत्र भारत का है। 26 अक्टुबर, 1947 को कश्मीर के राजा हरि सिंह ने पाकिस्तानी कबायली आक्रमणकारियों से बचाने के लिए भारत सरकार से सैनिक सहायता की मांग की और कश्मीर को भारत में सम्मिलित करने की प्रार्थना की। भारत सरकार ने उनके प्रस्ताव को स्वीकार लिया और 6 फरवरी, 1954 को कश्मीर की संविधान सभा ने एक प्रस्ताव के जरिए जम्मू-कश्मीर राज्य का विलय भारत में होने की पुष्टि की। भारत सरकार ने भारतीय संविधान में संशोधन कर 14 मई, 1954 को अनुच्छेद 370 के अंतरगत जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा दिया और 26 जनवरी, 1957 को जम्मू-कश्मीर का संविधान लागू हो गया।

पीओके की सीमाएं पाकिस्तानी पंजाब एवं उत्तर पश्चिमी सीमा प्रांत से पश्चिम में, उत्तर-पश्चिम में अफगानिस्तान के वाखान गलियारे से, चीन के जिनजियांग उइगर स्वायत क्षेत्र से उत्तर और भारतीय कश्मीर से पूर्व में लगती है। इस क्षेत्र के पूर्व कश्मीर राज्य के कुछ भाग ट्रांसकराकोरम ट्रैक्ट को पाकिस्तान द्वारा चीन को दे दिया गया है तथा शेष क्षेत्र को दो भागों (उत्तरी क्षेत्र एवं आजाद क्षेत्र) में विलय कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि इसी मसले पर 1947 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ और पाकिस्तान को करारी शिकस्त मिली। भारत ही नहीं बल्कि संयुक्त राष्ट्र सहित समेत अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा भी इस क्षेत्र को पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) ही कहा जाता है। भारत सरकार ने भारतीय संविधान में संशोधन कर 14 मई, 1954 को अनुच्छेद 370 के अंतरगत जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा दे दिया और 26 जनवरी, 1957 को जम्मू-कश्मीर का संविधान लागू हो गया। लेकिन भारत की तत्कालीन नेहरु सरकार द्वारा देर से लिए गए निर्णय के कारण पाकिस्तान ने गिलगित व बाल्टिस्तान में कबायली भेजकर लगभग आधे कश्मीर पर कब्जा कर लिया। पाकिस्तान के कब्जे के बाद भारत ने दावा किया कि महाराजा हरि सिंह से हुई संधि के परिणामस्वरुप पूरे कश्मीर राज्य पर (पाक अधिकृत कश्मीर एवं आजाद कश्मीर) भारत का अधिकार है। लेकिन पाकिस्तान इसे मानने को तैयार नहीं है। हालांकि गौर करें तो कश्मीर समस्या का निपटारा 1947 में ही हो गया होता जब भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों को रौंदते हुए अपनी बढ़त बना ली थी। लेकिन तत्कालीन जवाहरलाल नेहरु की सरकार की ढुलमुल नीति और अदूरदर्शिता के कारण कश्मीर का एक बड़ा हिस्सा भारत के हाथ से निकल गया। दरअसल नेहरु ने 31 दिसंबर 1947 को संयुक्त राष्ट्र संध से अपील कर डाली कि वह पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी लूटेरों को भारत पर आक्रमण करने से रोके। नेहरु के इस गुहार से भारतीय सेना के हाथ बंध गए और 1 जनवरी 1949 को भारत-पाकिस्तान के मध्य युद्ध विराम की घोषणा हो गयी। युद्ध विराम हो जाने के बाद पाकिस्तान कश्मीर के 32000 वर्गमील क्षेत्रफल पर कुंडली मारकर बैठ गया और इस क्षेत्र को आजाद कश्मीर का नाम दे दिया। उल्लेखनीय है कि 1949 से लेकर 1953 तक संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर समस्या पर गहन वाद-विवाद हुआ।

संयुक्त राष्ट्र के भारत पाक आयोग ने 13 अगस्त 1948 तथा 6 जनवरी 1949 को हुए समझौते के आधार पर तीन महत्वपूर्ण चरणों में फैसला किया-एक युद्ध विराम, दूसरा अल्पकालीन संधि और तीसरा जनमत संग्रह। इसका प्रथम चरण अर्थात युद्ध विराम 1 जनवरी 1949 से प्रभावी हो गया लेकिन बाद के दो चरण और उनकी व्याख्या को लेकर दोनों देशों में उत्पन हुए गतिरोधों के कारण लागू नहीं हो सके। इसीलिए इस आयोग ने 5 दिसंबर 1949 को सौंपी गयी अपनी अंतरिम रिपोर्ट में स्वीकार किया कि राज्य (कश्मीर) की स्थिति परिवर्तित हो गयी है। लेकिन पाकिस्तान अभी भी अपनी पुरानी नीति पर कायम है। लेकिन सच यह है कि पाकिस्तान कश्मीर के जिस हिस्से को आजाद कश्मीर कहता है वह असल में गुलाम कश्मीर है और यहां नाम भर की सरकार है। असल कब्जा तो पाकिस्तान की सेना की है। पाकिस्तान सेना की मदद से यहां के सामाजिक स्वरुप को योजनाबद्ध तरीके से बदला जा रहा है और आतंकी संगठन जमात-उद-दावा का सरगना हाफिज सईद यहां शरिया लागू करने के लिए अभियान चला रहा है। नतीजतन बाहर से आए लोगों का बोलबाला बढ़ रहा है और स्थानीय मूल समाज हाशिए पर जा पहुंचा है। दुनिया को यह पता है कि यहां पाक सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आइएसआइ अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने के लिए आतंकियों को प्रशिक्षित कर रही है। यहां 1947 से ही भारत के खिलाफ आतंकवाद का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए पाकिस्तान की भारत विरोधी आतंकी नीति ही जिम्मेदार है। यहां समझना होगा कि पाकिस्तान की विदेश नीति का मुख्य लक्ष्य किसी भी तरह जम्मू-कश्मीर को हड़पना है। उसकी परराष्ट्र नीति का मूल प्रेरणा स्त्रोत भारत का भय और उसके निवारण के लिए मित्रों की खोज करना है। इसीलिए वह बार-बार अंतर्राष्ट्रीय मंचों के जरिए जम्मू-कश्मीर का मसला उठाकर भारत को विश्व बिरादरी से अलग-थलग करने का प्रयास करता है। इसके लिए वह कश्मीर में आतंक का समर्थन करता है और आतंकियों के मारे जाने पर उसकी आड़ में भारत के खिलाफ मानवाधिकार हनन का दुष्प्रचार करता है।

कुलमिलाकर उसकी विदेश नीति पर एक तत्व हावी हो गया है और वह है-भारत विरोध नीति। पाकिस्तान ने यह तय कर रखा है कि जो भारत का मित्र है वह उसका शत्रु है। और जो भारत का शत्रु है वह उसका मित्र है। लेकिन आज की तारीख में उसके शत्रुओं की संख्या मित्रों से अधिक है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटने के बाद अब वह इस मसले पर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर अपने चीन सरीखे मित्रों के जरिए भारत के खिलाफ मोर्चा खोलता रहता है। लेकिन उसे हर बार मुंह की खानी पड़ रही है। क्योंकि आज दुनिया का हर देश भारत के साथ कंधा जोड़ने को तैयार है।

# राजनीति : वार पर वार करने से क्या फायदा ?

**@ राकेश अचल**



अजब राजनीति है, गजब राजनीति है। आज की राजनीति में राजनीति पर बात ही नहीं हो रही। राजनीति पर बातचीत के अलावा हर विषय पर बात हो रही है। और तो और अब काल्पनिक उपाधियाँ राजनीति का विकल्प बन गयीं है विमर्श के लिए। राजनीतिक दलों को एक -दूसरे पर वार करते देख हमारे पड़ौसी पाकिस्तान ने भी हमारी सेना पर आतंकी हमला कर दिया। क्योंकि वार प्रति वार में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी बार-बार पाकिस्तान को घसीट रहे थे, जबकि बेचारा पाकिस्तान अपनी ही समस्याओं से बाहर निकल नहीं पा रहा है।

बात शरू करते हैं उपाधियों से। माननीय नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी जी ने कांग्रेस के नेता माननीय राहुल राजीव गांधी को शहजादे कहना शुरू किया तो कांग्रेस दस साल तो मौन रही लेकिन अब शाहजादे की सहोदरा प्रियंका ने मोदी जी को ही शंहशाह बताना शुरू कर दिया है। प्रियंका कहतीं है कि उनके भाई ने तो पैदल 4 हजार किलोमीटर की यात्रा कर भारत को जोड़ने की कोशिश की है लेकिन शंहशाह माननीय नरेंद्र भाई मोदी महलों में रहते हैं। आपने कभी टीवी पर उनका चेहरा देखा है ? एकदम साफ सुथरा सफेद कुर्ता, एक दाग नहीं है धूल का। एक बाल इधर से उधर नहीं होता है। वो कैसे समझ पाएंगे कि आप किस दलदल में धंसे हुए हो, महंगाई से आप दब चुके हो, हर तरफ महंगाई, मेरी बहनें... मिट्टी का तेल आज कितने का है? सब्जी खरीदने जाती हो, मिलती है क्या? भाव क्या है उसका ?'

आपको बता दूँ कि जैसे मै टीवी पर नेताओं के दर्शन नहीं करता, उनके प्रवचन नहीं सुनता वैसे ही अखबारों में भी नेताओं की बातों पर ध्यान नहीं देता। मै नौन, तेल, लकड़ी से ही नहीं उबर पाता फिर भी सबकी बातें कानों में पड़ ही जातीं हैं। मै कभी-कभी सोचता हूँ कि यदि राहुल गांधी शाहजादे हैं तो फिर अम्बानी और अडानी के तो जिल्लेइलाही से बढ़कर ही होंगे, क्योंकि उनके पास तो राहुल गाँधी और नरेंद्र भाई मोदी से ज्यादा धन-दौलत है।

अडानी और अम्बानी तो कभी देश जोड़ने सड़कों पर नहीं निकलते। उन्हें तो देश में नौन, तेल, लकड़ी आटा का भाव मालूम नहीं होगा!

हमारे देश की जनता बड़ी भोली-भाली है, आजकल तो आधी जनता अंधभक्ति में भी डूबी है। जनता माननीय मोदी जी की बात पर भरोसा कर जैसे राहुल गांधी को शाहजादा नहीं मान रही मुझे लगता है कि प्रियंका के कहने पर मोदी जी को शहंशाह नहीं मानेगी। बकौल मोदी जी कांग्रेस और कांग्रेस के नेता विश्वास खो चुके हैं। इस समय देश में शहंशाह तो हमारे अमिताभ भाई बच्चन ही हैं। हाँ मोदी जी राजनीति के शहंशाह हो सकते हैं, क्योंकि उनके पास सब कुछ है लेकिन एक अदद साइकल नहीं है। अब तो माँ भी नहीं है। पत्नी को वे पहले ही त्याग चुके हैं भारत में जिस देश के पास साइकिल भी न हो, माँ न हो , पत्नी न हो उसे शहंशाह कहना भारत में शहंशाह रहे तमाम शंशाहों की तौहीन है। खुला अपमान है।

बहरहाल दाल-भात में मूसलचंद की तरह माननीय मोदी जी ने जब बार-बार पाकिस्तान को भारत के चुनावों में घसीटा तो वो सचमुच भारत आ ही गया। पाकिस्तान के आतंकवादियों ने पूंछ में भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमला कर दिखा दिया कि पाकिस्तान के आतंकी किसी 56 इंच के सीने वाले से नहीं डरते। पाकिस्तान को इस हिमाकत की सजा मिलना चाहिए। मुमकिन है कि मतदान का तीसरा चरण पूरा होते-होते ये छोटा सा आतंकी हमला पुलवामा काण्ड की तरह बड़ा स्वरूप ले ले। भले ही ये सब देशहित में नहीं होगा लेकिन इससे सत्तारूढ़ दल की डूबती नाव तो बचाई जा सकती है। मुझे कभी - कभी आशंका होती है कि मोदी जी राहुल की तरह बार-बार पाकिस्तान को भी उकसाते रहते हैं कि - 'आ बैल मुझे मार"

मोदी जी सनातनी आदमी हैं। सनातन को मानते हैं लेकिन केंद्रीय चुनाव आयोग को नही। वैसे ये उनके मन की बात है। पिछले दिनों जब इसरो के वैज्ञानिकों ने अपना तमाम कामकाज छोड़कर माननीय के निर्देश पर रामलला को सूर्यतिलक कराया था तब माननीय मोदी जी आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए अयोध्या नहीं गए थे। उन्होंने अपने हैलीकाप्टर में ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बाकायदा अपने जूते उतारकर इस द्दश्य को देखा था। लेकिन अब मोदी जी का मन बदल गया है। वे उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी की वापसी के बाद अयोध्या जाकर न सिर्फ वहां रोड शो करेंगे बल्कि रामलला के दर्शन भी करेंगे। अब किसी आदर्श आचार संहिता का उललंघन नहीं होगा। हो भी जाये तो कौन परवाह करता है।? रामलला बड़े कि केंचुआ ?

संयोग से हमारे देश की आदर्श चुनाव संहिता में चुनाव प्रक्रिया के चलते दल-बदल करने पर कोई रोक नहीं है। इसी का लाभ लेते हुए भाजपा कांग्रेस के हाथों से उनके 'बम' ही नहीं छुड़ा रही बल्कि फेयर एंड लवली को भी अपनी पार्टी में शामिल करने से नहीं हिचक रही। एन मतदान के दिन तक दल-बदल स्वीकार कर रही है । मियाँ-बीबी राजी तो क्या करेगा काजी ?' कांगेसी यदि भाजपा में शामिल हो रहे हैं तो मोदी जी क्या करें ? शरणार्थी को वापस लौटा दें ? ये तो राजधर्म नहीं है न ? राम जी ने कभी बिभीषण और उसके बाद आने वाले राक्षसों को वापस लौटाया था क्या ? अर्थात रामभक्त और रामदास भाजपा का शरणार्थी शिविर खुला था सो खुला ही रहेगा कांग्रेसियों के लिए। कांग्रेस में जब भी किसी का दिल टूटे,उपेक्षा हो तो वो बेधड़क भाजपा में शामिल हो सकता है। भाजपा का कांग्रेसीकरण ही भाजपा कि प्राथमिकता है। कांग्रेसियों को शासन करने और भ्ष्टाचार करने में महारत हासिल है और भाजपा को इसकी सख्त जरूरत है चार सौ पार करने के लिए।

माननीय मोदी जी कितने दरियादिल हैं इसका उदहारण हाल ही में देखने में आया। माननीय मोदी जी ने बिहार में विहार करते हुए दरभंगा में पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू प्रसाद के बेटे तेजस्वी यादव को भी शाहजादे की उपाधि दे दी। ठीक वैसे ही जैसे कि -'जो संपति सिव रावनहि, दीन्हि दिएँ दस माथ।. सोइ संपदा बिभीषनहि, सकुचि दीन्हि रघुनाथ। मोदी जी आखिर मोदी जी हैं। किसी को भी राजा और किसीको भी रंक बना सकते हैं। अरविंद केजरीवाल को ही देख लीजिये। हेमंत को देख लीजिये। इधर अडानी को देख लीजिये, अम्बानी को देख लीजिये। प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं। मोदी जी कि दरियादिली का लाभ पूर्व संसद बृजभूषण सिंह के बेटे को भी मिला और पंडित टैनी के बेटे को भी। मै इस आधार पर कह सकता हूँ कि जितना समाजवाद भाजपा में है उतना किसी और दल में नहीं।

मुझे भी 7 मई को मतदान करने जाना है। सोच रहा हूँ कि मैं भी किसी शाहजादे कि तरह वोट डालने जाऊं। हालांकि मै शाहजादा नहीं हू। मेरे पिता सरकारी अफसर जरूर थे। हाँ मैंने कभी चाय नहीं बेचीं। शाहों के लड़के चाय बेचते भी नहीं हैं। वे क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को कंट्रोल करते हैं। कुल जमा ये कि आप इस उठापटक के बीच 7 मई को तीसरे चरण के मतदान में निष्ठा से हिस्सा लीजिये। आपको शहंशाह चुना है या जिल्लेइलाही ? ये आप खुद तय करें ?

# भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती उत्पादों की मांग

**प्रह्लाद सबनानी ।**

ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग सामान्यतः अच्छे मानसून के पश्चात अच्छी फसल एवं विभिन्न सरकारों, केंद्र एवं राज्य सरकारों, द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों पर किए जा रहे खर्चो में बढ़ौतरी के चलते ही सम्भव होती है।

भारत में आज भी लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है एवं अपने जीवन यापन के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही आश्रित रहती है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार किये जा रहे विकास कार्यों के चलते इन क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली राशि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इससे, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर निर्मित होने लगे हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन कुछ कम हुआ है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल में शहरों से ग्रामीण इलाकों की ओर शिफ्ट हुए नागरिकों में से अधिकतर नागरिक अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही बस गए हैं एवं अपने विशेष कौशल का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को प्रदान कर रहे हैं। हाल ही में जारी किए गए कुछ सर्वे प्रतिवेदनों के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग की एक नई कहानी लिखी जा रही है क्योंकि अब विभिन्न उत्पादों की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। उपभोक्ता वस्तुओं एवं ऑटो निमार्ता कम्पनियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही के समय में उपभोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं एवं दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों (ट्रैक्टर सहित) की मांग में तेजी दिखाई दे रही है, जो कि वर्ष 2023 में लगातार कम बनी रही थी। यह संभवतः रबी फसल के सफल होने के चलते भी सम्भव हो रहा है।

उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने भी हाल ही में सम्पन्न अपनी द्विमासिक मोनेटरी पॉलिसी की बैठक में रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की है, ताकि बाजार, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार में, उत्पादों की मांग विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो, ताकि इससे अंततः वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के आर्थिक विकास की दर भी अच्छी बनी रहे। भारत में पिछले कुछ समय से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न उत्पादों की मांग, शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध मांग की तुलना में कम ही बनी रही है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के बाद से इसमें कुछ परिवर्तन दिखाई दिया है एवं अब ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई देने लगी है। यह तथ्य विकास के कुछ अन्य सूचकांकों से भी उभरकर सामने आ रहा है। जनवरी-फरवरी 2024 माह में दोपहिया वाहनों की बिक्री में, पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान की बिक्री की तुलना में, 30.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है, जो हाल ही के कुछ वर्षों में अधिकतम वृद्धि दर मानी जा रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री ग्रामीण इलाकों (लगभग 10 प्रतिशत) में शहरी इलाकों (लगभग 7 प्रतिशत) की तुलना में अधिक रही है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले रोजगार के अवसरों की मांग में भी फरवरी-मार्च 2024 माह के दौरान 9.8 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हो रहे हैं। इसी प्रकार, ट्रैक्टर की बिक्री में भी जनवरी-फरवरी 2024 माह के दौरान 16.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में कुल 892,313 ट्रैक्टर की बिक्री हुई है जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है।

भारत के मौसम विभाग द्वारा जारी की गई भविष्यवाणी के अनुसार, वर्ष 2024 के मानसून मौसम के दौरान भारत में मानसून की बारिश के सामान्य से अधिक रहने की प्रबल सम्भावना है। इससे भारत के किसानों में हर्ष व्याप्त है क्योंकि मानसून के अच्छे होने से खरीफ की फसल के भी बहुत अच्छे रहने की सम्भावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के सोचना है कि इस वर्ष अल नीनो के स्थान पर ला नीना का प्रभाव दिखाई देगा। अल नीनों के प्रभाव में देश में बारिश कम होती है एवं ला नीना के प्रभाव में देश में बारिश अधिक होती है। साथ ही, भारतीय किसान अब तिलहन, दलहन एवं बागवानी की फसलों की ओर भी आकर्षित होने लगे हैं।

# आरके की चाल, विपक्षियों के बिगडे खेल

**बसपा नेता रामसेवक शुक्ला सैकडों साथियों समेत भाजपा में शामिल**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र लोकसभा का चुनाव मतदान की तारीख नजदीक आते ही सियासी हलचल तेज हो रही है। भाजपा प्रत्याशी/सांसद आरके सिंह पटेल की अगुवाई में बसपा नेता रामसेवक शुक्ला अपने सैकडों साथियों समेत भाजपा में शामिल हुए। ये गठबंधन प्रत्याशी कृष्णा पटेल व बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी के लिए बडा झटका है। कयास है कि बसपा प्रत्याशी को रामसेवक के भाजपा में जाने से खासी क्षति होगी।



सदस्यता लेते रामसेवक के साथ मौजूद भाजपा नेता।

रविवार को सांसद आरके सिंह पटेल व भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, ब्लाक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता व लोकसभा सहसंयोजक शिवशंकर सिंह आदि की मौजूदगी में बसपा नेता रामसेवक शुक्ला अपने सैकडों साथियों-प्रधानों समेत भाजपा में शामिल हुए। भाजपा का पटका पहनाकर उन्हें शामिल किया। उन्होंने अपने अंदाज में सांसद आरके सिंह पटेल से 23 साल से दिल मिलने की बात कही। कहा कि बसपा में जरूर थे, लेकिन आरके सिंह पटेल के करीब थे। भाजपा में शामिल 25 प्रधानों में ज्यादातर प्रधान पिछडे वर्ग व यादव समाज से थे। इन सभी ने पार्टी की सदस्यता लेकर प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को जिताने का संकल्प लिया।

## नौ को जनसभा करेंगे नड्डा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा प्रत्याशी/सांसद आरके सिंह पटेल ने बताया कि नौ मई को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की जनसभा लालतारोड में होगी। जनसभा की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आने से चुनाव में खासी गर्माहट आने के आसार हैं।

सांसद/प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने कहा कि इस बार यादव समाज एकजुटता से भाजपा के साथ खड़ा है। भाजपा ने मप्र में यादव समाज का मुख्यमंत्री देकर समाज का गौरव बढ़ाया है।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने पार्टी में शामिल हुए बसपा नेता रामसेवक शुक्ला समेत प्रधानों आदि को बधाई दी। कहा कि भाजपा किसी जाति विशेष की पार्टी नहीं है। सबका साथ-सबका विकास की नीतियों को लेकर चल रही है। भाजपा के बढते कुनबे से प्रतीत होता है कि जिस समाज के दम पर विरोधी अपनी जीत तय मानने लगे थे, उसी समाज के लोगों ने भाजपा में शामिल होकर बसपा व सपा को जोर का झटका दिया है। कयास लगने लगे हैं कि विपक्षियों का खेल बिगाडकर आरके सिंह पटेल भाजपा के विजय रथ को आगे ले जायेंगे?

## एसपी के निर्देश पर आठ पर गुण्डा-दो पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को अपराधियों की रोकथाम को जारी कार्यवाही में पुलिस ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले आठ लोगों पर गुंडा व दो पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही की है। रविवार को प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने राजू खान, रहुफ खान पुत्र नत्थू खान धौरहरा, अखिलेश उर्फ कुमकुम पुत्र राधेकृष्ण उपाध्याय नहरा, कल्लू उर्फ ओमप्रकाश यादव पुत्र जागेश्वर रामपुर, भैरवलाल उर्फ भैरवदयाल उर्फ भूरा पुत्र भगौना औदहा पर गुंडा एक्ट की कार्यवाही की है। इसके अलावा भारतलाल पुत्र राजनारायण, रामलखन पुत्र लालजी हरिसनपुर पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने उमाकान्त पुत्र त्रिवेणी प्रसाद छीबों, नत्थू पुत्र लोकनाथ गोस्वामी, मनीष पुत्र नत्थू गोस्वामी निवासी सोनरहटी कस्बा राजापुर पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही है।

## निकली जागरूकता रैली

**मऊ/चित्रकूट।** महामति प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम उप जिलाधिकारी मऊ राकेश कुमार पाठक की अगुवाई में विशाल रैली मऊ में निकाली। रैली में प्राचार्य डॉ एसके चतुर्वेदी, स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ एस कुरील, बीईओ मऊ पाण्डेय व छात्र-छात्रायें शामिल रहीं।

## व्यय प्रेक्षक को सीमा पर तैनात मिली टीमें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती ने लोकसभा चुनाव में जिले के बरगढ़ मोड़, हल्दी डांड़ी व इटवा डुडैला स्थित स्थैतिक निगरानी दलों का निरीक्षण किया। तीनों दलों को अपने स्थान पर मुस्तैदी से कार्य करते पाया। व्यय प्रेक्षक ने स्थैतिक निगरानी टीमों को निर्देश दिये कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों अनुरूप सावधानी व सजगता से कार्य करें।



टीमों को देखते व्यय प्रेक्षक।

रविवार को निरीक्षण बाद जिला मुख्यालय लौटते हुए रास्ते में उड़नदस्ता दलों का भी निरीक्षण किया। व्यय प्रेक्षक ने उड़नदस्ता दलों को निर्देश दिये। मुख्यालय लौटने पर व्यय प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट में तैनात लेखा दलों, वीडियो अवलोकन टीमों, वीडियो निगरानी टीमों, लेखा दलों व कॉल सेन्टर का निरीक्षण किया। सभी टीमों का कार्य अपने तैनाती स्थल पर मुस्तैदी से करते पाया। व्यय प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में तैनात सभी टीमों के कार्यों को जांचा-परखा। लोकसभा चुनाव को सकुशल व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने बाबत निर्देश दिये। इस मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## तीन के कब्जे से 45 क्वार्टर-42 लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से 45 क्वार्टर देशी व 42 लीटर महुआ शराब बरामद की है।

रविवार को मानिकपुर थाने के दरोगा मुकेश परिहार ने हरीशंकर पुत्र रामपाल सरहट के कब्जे से 16 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा इमरान खान ने वीरेन्द्र सोनकर पुत्र बिन्दा सोनकर धोबीगंज कस्बा राजापुर के कब्जे से 45 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। चैकी प्रभारी सीतापुर उमाशंकर यादव ने दिलशाद खान पुत्र दिलदार खान रामायण मेला के कब्जे से 26 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।

## पुलिस ने दबोचे सात वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह की टीम ने वन्य जीव अधिनियम के वारंटी नंद किशोर पुत्र स्व मुन्ना प्रसाद, लखन पुत्र कामता, शिवमिलन पुत्र मोतीलाल, गंगा प्रसाद पुत्र राम प्रसाद व कल्लू पुत्र स्व भोंडा गढ़चपा को गिरफ्तार किया। टीम में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह, दीवान दशरथ राम, सिपाही मनोज कुमार, राजमंगल शामिल रहे।इसी क्रम में चैकी सीतापुर के दरोगा मेवालाल मौर्य ने छेडछाड, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के वारंटी महेश पुत्र नंगू राघवपुरी को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा मेवालाल मौर्य, दरोगा उमाशंकर यादव, सिपाही रविशंकर शामिल रहे। रैपुरा थाने के दरोगा रविकान्त राय ने बलबा, गाली-गलौज, घर में घुसकर मारपीट आदि के वारंटी लवकुश पुत्र लाल रैपुरा को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा रविकान्त राय व सिपाही चन्द्रभूषण राय शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में वारंटी।

## महादेव मोटर्स मालिक पर जबरियां छेडखानी का मामला दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एक महिला ने अदालत के आदेश पर राजापुर कस्बे के लूपलाइन के राहुल केशरवानी पुत्र सत्यनारायण के खिलाफ जबरियां छेडखानी का मामला दर्ज कराया है। महिला ने कहा कि ओसा चैराहा मानपुर पर 24 अप्रैल को सवेरे सात-आठ बजे खडी होकर चित्रकूट जाने को वाहन का इंतजार कर रही थी। इसी बीच वहां से गुजरी कार सवार से लिफ्ट मांगी।

रविवार को पीडिता ने बताया कि वह रायबरेली जिले के ऊंचाहार थाना क्षेत्र की है। कार सवार ने उसे कार में बैठाने के बाद कुछ दूर चलने पर उसका नाम-पता पूंछा। पीडिता ने भी कार सवार से पता पूंछा। दोनों ने एक-दूसरे को पता बताते हुए कार सवार ने कहा कि वह महादेव मोटर्स का मालिक है। लूपलाइन चौराहे पर रहता है। कार के राजापुर पुल पार करने दौरान कार चालक ने गलत इरादे से सीने पर हाथ लगाकर अश्लील हरकतें की। विरोध पर पीडिता की कुर्ती फाडने लगा। ज्यादा विरोध पर कहा कि इस घटना के बारे में किसी से बताया तो रायबरेली नहीं जा पाओगी। पीडिता ने घटना की जांचकर राहुल केशरवानी के खिलाफ कडी कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# वामपंथियों का जिले में रहा है दबदबा

## तुममें वफा होती तो ये हालात न होते, दलितों में आज भी है कसक, यादों के झरोखे से

**राजेन्द्र पाण्डेय**

**चित्रकूट।** भीषण विप्लव-विध्वंश की ज्वलन्त समस्याओं से घिरे चित्रकूट में नक्सलवाद उपजने की खासी पृष्ठभूमि है, तभी तो प्रदेश के पूर्व डीजीपी कर्मवीर सिंह ने क्षेत्र को नक्सल क्षेत्र घोषित करने की संस्तुति की थी। यहां आजादी के बाद दलितों का बेइन्तहा शोषण एवं जुल्म तथा सामन्ती तत्वों की हुकूमत सी रही है। इस हुकूमत को तोड़ने को 1965-66 में बबेरू के दलित नेता दुर्जन भाई ने भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी का लाल परचम ऐसा फहराया था कि लम्बे समय तक यहां व आसपास के सटे विस क्षेत्रों में धन-धरती बंटने की गूंज प्रतिध्वनित हुई थी।

सामन्ती तत्वों से अकेले दलित ही नहीं, बल्कि पिछड़े वर्गों के वे लोग जिनके पास खेतिहर भूमि गुजारे लायक थी, वे भी खासे त्रस्त थे। पिछड़े वर्ग के वे लोग जो जमीदारी का सुख भोग रहे थे, वे भी सामन्ती तत्वों की श्रेणी में शुमार रहे हैं। उस दौर में लाल परचम बुलन्द करना दुर्जन भाई के लिए कितना दुरूह था, इस बात का अन्दाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि दुर्जन भाई के धन-धरती बंटने के आन्दोलन में ऐसे लोग भी शामिल हो गये, जो पहले से सरसब्ज थे। उस दौर में सरसब्ज लोग यूं ही नहीं भाकपा में शामिल हुए थे, बल्कि वे दुर्जन भाई के उपजे आन्दोलन की ताकत का अन्दाजा लगा चुके थे। उन्हें अहसास था कि दलितों की एकजुटता से वे राजनीति के पायदान पर सीढ़ी दर सीढ़ी बढ़कर तरक्की की बुलन्दियों को छू सकते हैं। हुआ भी यही- उस दौर में जब पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी क्षेत्र में चारू मजूमदार किसानों के आन्दोलन को हवा दे रहे थे, तब यहां 13 जुलाई 1966 को दलितों-पिछड़ों व किसानों का बडा आन्दोलन खड़ा हो गया था। ये आन्दोलन कांग्रेस सरकार को बर्दाश्त नहीं हुआ, क्योंकि आन्दोलन में जमीदार किस्म के सवर्णों की हिस्सेदारी नहीं थी। अंजाम ये हुआ कि आन्दोलन को पुलिस की गोलियों से कुचल दिया गया। सैकड़ों लोगों के लहू से बांदा कचेहरी परिसर लाल मैदान में तब्दील हो गया था। उन शहीदों के नाम आज भी बांदा में अशोक लाट में दर्ज हैं।

इसी बीच पश्चिम बंगाल में 25 मई 1967 को चारू मजूमदार चाय बागानों के मजदूरों को एकजुट कर नक्सलबाड़ी आन्दोलन खड़ा करने में सफल हो गये थे। इस आन्दोलन की गूंज वहां से निकलकर देश के विभिन्न हिस्सों से लेकर विदेशों तक में प्रतिध्वनित हुई। खासतौर पर प्रदेश के लखीमपुर खीरी, उन्नाव व बांदा-चित्रकूट में तो ऐसी गूंजी कि सामन्ती तत्वों की चूलें हिल गईं। 1967 में हुए विस चुनाव के बाद जगह-जगह लाल परचम फहराने लगा। चित्रकूट में 1967 में विस चुनाव भाकपा के रामसजीवन सिंह जीत गये। मध्यावधि चुनाव में 1969 में कांग्रेस के राधाकृष्ण गोस्वामी ने ये सीट भाकपा से छीनकर फिर कांग्रेस की ही झोली में डाल दी। 1974 व 78 में भाकपा के रामसजीवन ने लगातार इस सीट पर कब्जा जमाये रखा। 1980 में विस चुनाव में कांग्रेस के शिवनरेश मिश्र ने ये सीट भाकपा से छीन ली। 1985 में रामसजीवन को श्यामाचरण गुप्ता के लिखाये मुकदमे में जेल भेज दिया गया था। जेल से भाकपा के रामसजीवन ने फिर जीत दर्ज की। 1989 व 91 में लगातार भाकपा के रामप्रसाद ने कर्वी सीट पर कब्जा जमाये रखा।

1993 से बसपा के नीले परचम के लगातार उभार पर आने व भाकपा के लोगों के बसपा में शामिल होने तथा वामपंथ का कैड़र समाप्त होने से वामपंथियों का दबदबा कमजोर पड़ता गया। वामपंथ के यहां अगुआ रहे लोगों ने कार्यकर्ताओं को जातीयता के आधार पर तौलने लगे। ये हालात दुर्जन भाई के निधन के बाद से ही हो गये थे, क्योंकि भाकपा से जुड़े पिछड़े वर्ग के अगुआ रहे लोगों ने दलितों के वोटों पर राजनीति की सीढ़ियां तो खूब चढ़ी, लेकिन जहां भाकपा से दलित वर्ग के लोग चुनावी समर में उतरते थे। उन्हें जिताने को उतनी ताकत से मतदान नहीं करते थे, जितने दलित उन्हें करते रहे हैं। ये टीस यहां आज भी जागरूक दलितों के दिलों में पैवस्त है। नतीजतन वामपंथ का स्वर्णिम काल यहां अतीत बन चुका है। इसीलिए तो किसी ने कहा है- तेरी बेरूखी से है बाजार की जीनत, तुममें वफा होती तो ये हालात न होते।



बैठक करते भाकियू।

## गौशालाओं से जानवर छोडने से किसान खफा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकियू सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील कमेटी की बैठक तहसील कार्यालय बनकट मोड़ पर हुई। किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाया कि जिला प्रशासन की उदासीनता से किसानों को बड़ा आघात लगा है। रविवार को बैठक में तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि जिले में कोई शासनादेश नहीं है। फिर भी गौशालाओं से जानवरों को अप्रैल में छोड़ दिया गया है। किसानों ने जायद फसलों की तैयारी कर रखी थी। जिला प्रशासन की उदासीनता से जानवरों को गौशालाओं से छोडने से किसानों ने फसलें नही बोई। किसानों में रोष है। भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने किसानों से 20 मई को पहले मतदान फिर जलपान का संदेश दिया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह, रामशरण राजपूत, श्रीकेशन राजपूत, शिव सिंह, विजय त्रिपाठी, प्यारेलाल प्रजापति, रामकेश, रामेश्वर सिंह, छेदीलाल सिंह, गोरेलाल सिंह, कमलेश पटेल आदि किसान मौजूद रहे।

### पांच के कब्जे से 90 क्वार्टर-38 लीटर महुआ शराब बरामद

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पांच लोगों के कब्जे से 90 क्वार्टर देशी व 38 लीटर महुआ शराब बरामद की। शनिवार को मानिकपुर थाने के दरोगा राजोल नागर ने मयंक कुमार पुत्र विजय कुमार इन्द्रानगर के कब्जे से 45 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा इमरान खान ने अमित सोनकर पुत्र रामकृपाल सोनकर गोस्वामी नगर के कब्जे से 30 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। चैकी प्रभारी सीतापुर गौरव कुमार तिवारी ने भरतलाल पुत्र विरकी डिलौरा के कब्जे से 28 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। बहिलपुरवा थाने के दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह ने रामप्रताप कोल पुत्र भोंडा कोल बिजहना कोलान मजरा बड़ी मडैयन के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। मारकुण्डी थाने के दरोगा यूटी हर्षित मिश्रा ने मुन्ना पुत्र स्व जुलाहर दुधबनिया के कब्जे से 15 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया।

## साफ-सफाई से चित्रकूट बनेगा सुन्दर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत कामतानाथ परिक्रमा में 114वां स्वच्छता अभियान चलाया। नगर पालिका के ईओ लालजी यादव ने कहा कि चित्रकूट पौराणिक जगह है। भगवान राम ने साढे 11 वर्ष तपस्या की थी। परिक्रमा करते समय पॉलिथीन का प्रयोग न करें। पर्वत की ओर किसी तरह की गंदगी न फैलायें।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका राकेश केसरवानी ने कहा कि साफ-सफाई जीवन का अहम पहलू है। जीवन की प्राथमिकता में स्वच्छता जरूरी है। साफ-सफाई से आने वाली समस्याओं से मुक्ति पा सकते हैं। स्वच्छता का अर्थ सफाई से रहने की आदत डालना है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता की ओर अच्छे से ध्यान दें तो कई प्रकार की बीमारियों से बच सकते हैं। स्वच्छता पर सभी लोगों को ध्यान देना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन एक अभियान नहीं, एक मिशन है। जिसके तहत जनता के सहयोग से पूरे चित्रकूट को स्वच्छ व सुंदर बनाया जा सकता है। अभियान में जितेंद्र केसरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, अंकुर केसरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, मनोज कुशवाहा आदि ने सहयोग किया।



सफाई करते समिति के लोग।

## रपटा निर्माण में घपलेबाजी कर रहा ठेकेदार

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के मऊ गुरदरी गांव के पास यूपी-एमपी से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग बरदहा नदी पर हो रहे रपटा निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। अवैध पत्थरों की तोडान कर रपटा निर्माण कार्य में नींव से निकले नदी के पत्थरों से ही गिट्टी बनाकर लगाई जा रही है। रविवार को रपटा निर्माण में ठेकेदार घोटाला कर रहा है। बताया गया कि पत्थरों की तोड़ाई कर इसी सामग्री से रपटा बनाया जा रहा है। रपटा निर्माण कछुआ गति से हो रहा है। रपटे से आवागमन करने वाले राहगीरों को इस वर्ष रपटा बनने के आसार नहीं हैं। लोग रपटा न बनने से भारी दिक्कतों का सामना करेंगे। संबंधित अधिकारी चुप्पी साधे हैं।

## झूंठ-फरेब से ईओ चला रहे नगर पालिक, सही जानकारी नहीं दे रहे ईओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद के ईओ लालजी यादव झूंठ-फरेब से पालिका चला रहे हैं। सूचना अधिकार अधिनियम की धज्जियां उडा रहे हैं। मांगी गई सूचना का सही जवाब न देने पर पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव ने कडी आपत्ति जताई है।

रविवार को नगर पालिका के पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि नगर पालिका में 2017 से पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता अपने सगे भाई राजेन्द्र गुप्ता के पेपर कामदगिरि गौरव को 25 लाख रुपये के अब तक विज्ञापन देकर नगर पालिका की धनराशि का चूना लगा चुका है। नियमतः पालिका अध्यक्ष को अपने सगे-संबंधी को लाभ पहुंचाने का कोई अधिकार नहीं है। इस बाबत नगर पालिका ईओ से सूचना मांगी गई। उन्होंने दी सूचना में साफ कहा कि वित्तीय वर्ष 2017-18 से वर्तमान वित्तीय वर्ष बीस फरवरी 2024 तक दैनिक कामदगिरि गौरव को कोई विज्ञापन नहीं दिया गया और न भुगतान किया गया।



पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव।

इस पर आपत्ति जताते हुए पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव ने नगर पालिका से जारी विज्ञापन की सूची दिखाते हुए कहा कि फरवरी 2024 में कामदगिरि गौरव को अमर उजाला व दैनिक जागरण के साथ कामदगिरि गौरव को विज्ञापन जारी किया गया है। ईओ नगर पालिका झूंठ बोलकर नगर पालिका अध्यक्ष को बचाने में जुटे हैं। इस बात को लेकर उन्होंने स्थानीय न्यायालय से लेकर हाईकोर्ट तक जाने की बात कही है। जब पुख्ता प्रमाण हैं तो ईओ नगर पालिका कामदगिरि गौरव को दिये विज्ञापन की सूचना क्यों नहीं दे रहे? इस तरह से झूंठ-फरेब से ईओ नगर पालिका चला रहे हैं।

## जल-जंगल-जमीन बचाने को हुई चर्चा, अरछा बरेठी में एकत्र हुए समाजसेवी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विकास पथ सेवा संस्थान ने जल-जंगल व जमीन विषयक चर्चा अरछा बरेठी गांव में मंदाकिनी नदी घाट पर किया। शुभारंभ जल संरक्षण के गीत से हुई। विकास पथ सेवा संस्थान अध्यक्ष डॉ प्रभाकर सिंह ने पर्यावरण संरक्षण मुद्दे पर 20 वर्षों से जन जागरूकता, वृक्षारोपण, नदी, नालों की सफाई का कार्य संस्थान कर रहा है।

रविवार को जन जागरूकता, वृक्षारोपण, नदी-नालों में दहारे बनाने के प्रयास पर चर्चा हुई। वर्षा जल के बूंद-बूंद पानी बचाने को ग्रामीण, स्कूली बच्चों को प्रेरित किया। जिला गंगा समिति चित्रकूट रानीपुर टाइगर रिजर्व के जिला परियोजना अधिकारी गोपाल कृष्ण गुप्ता ने कहा कि नदियों किनारे खेतों में एकजुट होकर साफ-सफाई व पेड़ लगायें। निःशुल्क पौधे दिलाने में वे ग्रामीणों का सहयोग करेंगे। संस्थान अध्यक्ष डॉ प्रभाकर सिंह ने पर्यावरण जल संरक्षण दिशा में वृक्षारोपण का संकल्प दिलाया। डाबर कंपनी से प्रदत्त फ्रूट जूस, तेल, शैंपू, नारियल जूस बांटा गया। लगातार वृक्षारोपण को सरकार प्रेरित कर रही है। पर्यावरण संरक्षण जीवन बचाने को बहुत जरूरी है। चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी के क्रीड़ा अध्यक्ष डॉ रमेश सिंह चंदेल ने कहा कि वृक्षों की कटान से पर्यावरण असंतुलित हुआ है। कवि रामलाल द्विवेदी प्राणेश ने कहा कि पुराणों में भी वृक्षारोपण तथा वृक्षों को बचाने के उपाय बताये हैं। कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी शंकर प्रसाद यादव ने ग्रामीणों का आभार जताया। कहा कि जीवन बचाने को जल, जंगल, जमीन भी बचाना होगा। मंदाकिनी अविरल बहती रहे, चिंतन की जरूरत है। संचालन समाजसेवी लवलेश सिंह ने किया। गोष्ठी में शिक्षक सुरेश कुमार, राकेश राजपूत, हनुमान यादव, जगन्नाथ वर्मा, प्रकाश वर्मा, सुरेंद्र प्रसाद, हरिश्चंद्र बैजनाथ, अयोध्या प्रसाद, राजकुमार, सूबेदार, अमित, ललित यादव, प्रभु दयाल, शेष नारायण कुशवाहा, नरेंद्र कुशवाहा, दयाराम यादव, श्रीकृष्ण, मोतीलाल, जितेंद्र, तीर्थ, पप्पू निषाद, मातादीन, चंद्रिका यादव, विशंभर यादव, राम भवन, फूलचंद नामदेव, मिठाई लाल, विष्णु यादव, सुरेश नारायण कुशवाहा, रामसजीवन यादव, जगरूप कुशवाहा, सुरेंद्रनाथ गुप्ता, अवध किशोर यादव, देशराज यादव आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रपति शी की सर्बिया यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को और उच्च स्तर पर ले जाने की उम्मीद

**बीजिंग।** सर्बियाई नेशनल असेंबली के पूर्व अध्यक्ष व्लादिमीर ऑरलिक ने हाल ही में चाइना मीडिया ग्रुप के संवाददाता को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग आठ साल बाद फिर से सर्बिया का दौरा करेंगे, जिसका ऐतिहासिक महत्व है।

उन्होंने कहा कि वह सर्बिया और चीन के बीच संबंधों और व्यावहारिक सहयोग को उच्च स्तर पर ले जाने के लिए इस यात्रा के प्रति उत्साहित हैं।

ऑरलिक ने कहा कि सर्बिया-चीन संबंधों के विकास ने विभिन्न सामाजिक प्रणालियों और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाले देशों के बीच शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और आम समृद्धि के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है। मध्य और पूर्वी यूरोपीय देशों में सर्बिया चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला पहला देश है। समझौते पर हस्ताक्षर के बाद दोनों देश कृषि उत्पादों और उच्च



मूल्य वर्धित वस्तुओं के आयात और निर्यात में अधिक परिणाम प्राप्त करेंगे।

ऑरलिक के मुताबिक, गत वर्ष आयोजित "बेल्ट एंड रोड" अंतर्राष्ट्रीय सहयोग शिखर सम्मेलन के दौरान सर्बिया और चीन ने 18 विभिन्न सहयोग दस्तावेजों पर भी हस्ताक्षर किए थे। इन समझौतों का मूल्य अरबों यूरो तक पहुंच गया है। सर्बिया जल्द ही सैकड़ों किलोमीटर लंबे राजमार्ग और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगा, और सर्बियाई लोगों के पास बेहतर जीवन तथा भविष्य होगा।

ऑरलिक ने कहा कि हाल के वर्षों में चीन सर्बिया के निवेश का सबसे बड़ा स्रोत और उसके सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदारों में से एक बन गया है। पिछले लगभग एक दशक में सर्बिया का चीन को निर्यात 185 गुना बढ़ गया है। अधिक से अधिक चीनी कंपनियों ने सर्बिया में निवेश किया है, जिससे सर्बिया के सामाजिक और आर्थिक विकास में मदद मिली है। उन्हें आशा है कि सर्बिया और चीन के बीच पारंपरिक मित्रता को अधिक व्यावहारिक सहयोग परिणामों में बदला जा सकेगा।

# जापान की विदेश मंत्री एक दिवसीय नेपाल यात्रा पर, काठमांडू में होगी द्विपक्षीय वार्ता

**काठमांडू।** जापान की विदेश मंत्री खामीखावा योको कुछ घंटे के नेपाल दौरे पर रविवार को काठमांडू पहुंचीं हैं। आज दिन भर राजनीतिक मुलाकात के बाद देर रात उनकी वापसी होगी।

नेपाल के उपप्रधानमंत्री तथा विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ के निमंत्रण पर जापानी विदेश मंत्री योको काठमांडू पहुंचीं। त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर विदेश सचिव सेवा लम्साल ने उनका स्वागत किया। लम्साल ने बताया कि कुछ पर्यटकीय क्षेत्रों का अवलोकन करने और राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात करने का कार्यक्रम तय है।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक जापानी विदेश मंत्री योको सबसे पहले काठमांडू के दरबार स्क्वायर और बसन्तपुर क्षेत्र का अवलोकन करेंगी। इसके बाद नेपाल के विदेश मंत्री के साथ उनकी द्विपक्षीय औपचारिक वार्ता तय है। लम्साल ने बताया कि नेपाल और जापान की विदेश मंत्री के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान कोई भी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं होने हैं। वार्ता में सिर्फ जापान की तरफ से नेपाल को दिए जाने वाले सहयोग और जापान के सहयोग से चल रही परियोजना की प्रगति पर चर्चा होनी है।



जापान की विदेश मंत्री आज ही नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल और प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड के साथ शिष्टाचार मुलाकात करेंगी।

राष्ट्रपति से मुलाकात शीतल निवास में होगी, जबकि प्रधानमंत्री प्रचंड से उनके सिंह दरबार स्थित दफ्तर में मुलाकात होगी। जापानी विदेश मंत्री के सम्मान में आज रात्रिभोज होगा, जिसके बाद आज देर रात वह स्वदेश लौट जाएंगी।

# नेपाल : गठबंधन के शीर्ष नेताओं के बीच घमासान से सुदूर पश्चिम प्रदेश सरकार का भविष्य संकट में- ओली ने अपने ही गठबंधन के मुख्यमंत्री को विश्वास का मत देने से इंकार

**काठमांडू।** नेपाल के सत्तारूढ़ वाम गठबंधन के बीच चल रहे मनमुटाव का असर अब सार्वजनिक मंचों से प्रदेश सरकार के भविष्य पर भी दिखाई देने लगा है। गठबंधन के शीर्ष नेताओं के बीच चल रहे घमासान से सुदूर पश्चिम प्रदेश सरकार का भविष्य संकट में पड़ गया है।

वर्तमान सत्ता गठबंधन के प्रमुख नेता केपी शर्मा ओली ने सुदूर पश्चिम सरकार के मुख्यमंत्री ने ही घटक दल एकीकृत समाजवादी पार्टी के मुख्यमंत्री दीर्घराज सोडारी को विश्वास मत नहीं देने का निर्देश दिया है। सुदूर पश्चिम के मुख्यमंत्री सेडारो की तरफ से पिछले कुछ दिनों से विश्वास मत हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन ओली की पार्टी के विरोध के कारण सफलता नहीं मिल पाई है।

सुदूर पश्चिम प्रदेश के एमाले के प्रमुख नेता आज जब अपने पार्टी के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली से मिलने काठमांडू आए तो ओली ने साफ शब्दों में कह दिया है कि मुख्यमंत्री सोडारी के पक्ष में तत्काल विश्वास मत देने की आवश्यकता नहीं है। ओली से हुई बातचीत का हवाला देते हुए सुदूर पश्चिम एमाले के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह रावल ने बताया कि एकीकृत समाजवादी की गतिविधि के कारण अभी यह तय नहीं है कि वो इस गठबंधन में रहेंगे या नहीं, इसलिए पार्टी अध्यक्ष ओली ने मना किया है।


नेपाल में वामपंथी गठबंधन बनने के बाद जब प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री बंटवारे को लेकर चर्चा हो रही थी तो उस समय सुदूर पश्चिम प्रदेश एमाले को देने पर सहमति हुई थी लेकिन केन्द्र की गठबंधन सरकार को बचाने के लिए बाद में विश्वास मत एकीकृत समाजवादी पार्टी को देना पड़ा, जिससे ओली नाराज हैं। पिछले कुछ दिनों से गठबंधन में चल रही उठापटक के कारण ओली को बहुमत का वोट नहीं देने का बहाना मिल गया है।

नेपाल के संवैधानिक प्रावधान के मुताबिक शपथ लेने के 30 दिनों के भीतर विश्वास का मत लेना होता है। सुदूर पश्चिम में सोडारी के नेतृत्व में 18 अप्रैल को शपथ दिलाई गई थी। वैसे सेडारी के पास बहुमत लेने के लिए अभी 17 मई तक का समय है।

# मौसम की खराबी से सीजेआई चंद्रचूड़ नहीं कर पाए मुक्तिनाथ के दर्शन, भारत लौटे

**काठमांडू।** तीन दिनों के नेपाल दौरे पर आए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ मौसम खराबी के कारण मुक्तिनाथ के दर्शन नहीं कर पाए। उनका एवरेस्ट बेस कैंप पर भी जाने का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया, जिसके बाद सीजेआई भारत लौट गए हैं।

नेपाल की सर्वोच्च अदालत के प्रधान न्यायाधीश के निमंत्रण पर आए जस्टिस चंद्रचूड़ का आज तीसरे दिन पोखरा होते हुए मुक्तिनाथ और एवरेस्ट बेस कैंप जाने का कार्यक्रम तय था। सर्वोच्च अदालत के प्रधान न्यायाधीश विश्वम्भर श्रेष्ठ ने बताया कि नेपाल



आने के बाद भगवान पशुपतिनाथ और मुक्तिनाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए सीजेआई की व्यक्तिगत इच्छा थी। परिवार सहित नेपाल आए जस्टिस चंद्रचूड़ के मुक्तिनाथ दर्शन के लिए तीन हेलीकॉप्टर स्टैंड बाई पर रखे गए थे।

काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास की प्रवक्ता गीतांजलि ने बताया कि पोखरा में रहे भारतीय सेना के पेंशन कैंप ऑफिस से उनके परिवार को पहले मुक्तिनाथ का दर्शन करने जाने और वापसी में एवरेस्ट बेस कैंप जाने का कार्यक्रम तय किया गया था। बीती रात से ही मुक्तिनाथ और एवरेस्ट बेस कैंप जाने के एयर रूट का मौसम बिगड़ने से सीजेआई का दौरा रद्द कर दिया गया। इसके बाद वे परिवार के साथ भारत लौट गए हैं।

# नेपाल सरकार में शामिल जनता समाजवादी पार्टी विभाजित, 12 में से 7 सांसदों का विद्रोह

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में शामिल जनता समाजवादी पार्टी रविवार को विद्रोह होने के बाद दो धड़ों में बंट गई है। पार्टी के 12 में से 7 सांसदों ने अलग हुए धड़े को पार्टी के रूप में मान्यता देने के लिए चुनाव आयोग को पत्र दिया है।

सरकार में शामिल जनता समाजवादी पार्टी का विभाजन ऐसे समय हुआ है, जब पार्टी अध्यक्ष उपेन्द्र यादव अमेरिका भ्रमण पर हैं। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक राई के नेतृत्व में 7 सांसदों ने अलग हुए धड़े को पार्टी के रूप में मान्यता देने के लिए निर्वाचन आयोग में पत्र दिया है। इन सांसदों में वन मंत्री नवल किशोर साह भी शामिल हैं। पार्टी अध्यक्ष उपेन्द्र यादव पर स्वेच्छाचारिता का आरोप लगाते हुए इन सांसदों ने पार्टी में विभाजन होने की जानकारी निर्वाचन आयोग को दी है।

पार्टी विभाजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सांसद एवं पूर्व मंत्री प्रदीप यादव ने कहा कि उपेन्द्र पार्टी में अपनी मनमानी चलाते हैं, वह बिना किसी सलाह के अपने स्वार्थ में निर्णय करते हैं। सांसदों ने उपेन्द्र पर हमेशा सत्ता के साथ समझौता करने और केन्द्र से लेकर प्रदेश तक में एकतरफा फैसला कर बाकी सदस्यों पर थोपने का आरोप भी लगाया है।

# हमास के बंधकों की रिहाई की मांग को लेकर इजराइल में प्रदर्शन, पहले दिन संघर्ष विराम वार्ता बेनतीजा रहने के बाद आज भी जारी

**तेल अवीव।** हमास आतंकियों की तरफ से गजा में बंधक बनाए गए इजराइलियों की रिहाई की मांग को लेकर शनिवार देर रात इजराइल में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने देश के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर देश को युद्ध की आग में झोंकने का आरोप लगाया।

यह प्रदर्शन उस समय हो रहा है जबकि शनिवार को ही काहिरा में मिस्त्र और कतर की मध्यस्थता में गजा में संघर्ष विराम को लेकर समझौता वार्ता शुरू हुई जो पहले दिन बेनतीजा रहने के बाद रविवार को भी जारी रहेगी। इस वार्ता में हमास के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। समझौता वार्ता में इजराइल ने अपने बंधकों की रिहाई के बदले 40 दिनों के संघर्ष विराम की पेशकश की है। इस दौरान इजराइल भी फिलिस्तीनी बंधकों को रिहा करेगा।

इजराइल और हमास के बीच पिछले करीब सात माह से संघर्ष चल रहा है। हमास ने 7 अक्टूबर को इजराइली शहरों पर हजारों रॉकेट दागकर हमले की शुरूआत की थी। इसके बाद हमास आतंकियों ने इजराइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इजराइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया। जिसमें गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इजराइल और गाजा में कुल मिलाकर 30000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा के अधिकारियों का दावा है कि 7 अक्तूबर के बाद से गाजा में इजराइल के हमलों अबतक उसके 34,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

हालांकि इजराइल के हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका के बाद कई दूसरे देशों में भी इजराइल के खिलाफ नाराजगी देखी जा रही है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों से शुरू हुआ प्रदर्शन का यह सिलसिला फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड व स्वीट्जरलैंड तक पहुंच गया।

# इजराइल ने गाजा पट्टी में रॉकेट लॉन्चिंग साइट पर किया हवाई हमला

**तेल अवीव।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने शनिवार को कहा कि उसने दक्षिणी गाजा पट्टी में एक रॉकेट प्रक्षेपण स्थल पर हवाई हमला किया।

आईडीएफ ने शुक्रवार को कहा कि ईन हश्लोशा किबुत्ज की ओर एक रॉकेट दागे जाने के बाद लड़ाकू विमानों ने खान यूनिस शहर के पास आतंकवादी स्थल पर हमला किया।

एक बयान में कहा गया है कि इसके अलावा, मध्य गाजा में मोर्टार लॉन्चिंग साइट को भी नष्ट कर दिया गया।

इजरायली नौसेना ने पिछले दिनों गाजा के तट पर भी हमला किया था।

फिलिस्तीनी सुरक्षा सेवाओं के अनुसार, इजरायली सेना ने खान यूनिस के पूर्व में अबासन गांव में



एक इमारत पर हमला किया और फिलिस्तीनी क्षेत्र के मध्य भाग में शरणार्थी शिविरों पर गोलाबारी की। इसमें कहा गया कि इजरायली नौसेना के हमलों में कम से कम एक फिलिस्तीनी मारा गया।

इस सप्ताह की शुरूआत में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास के साथ किसी भी संभावित संघर्ष विराम समझौते की परवाह किए बिना राफा में जमीनी आक्रमण जारी रहेगा।

इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र के मानवतावादी कार्यालय और स्वास्थ्य एजेंसी ने चेतावनी दी कि गाजा के दक्षिणी शहर राफा में इजरायली घुसपैठ से "कत्लेआम" हो सकता है और क्षेत्र में मानवीय तबाही बढ़ सकती है।

इस बीच शुक्रवार तक हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 7 अक्टूबर से गाजा में इजरायली हमलों से मरने वालों की संख्या 34,622 थी, जो पिछले दिन की तुलना में 26 अधिक थी।इजराइल ने गाजा पट्टी में रॉकेट लॉन्चिंग साइट पर किया हवाई हमला

इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने शनिवार को कहा कि उसने दक्षिणी गाजा पट्टी में एक रॉकेट प्रक्षेपण स्थल पर हवाई हमला किया

# साड़ी को वैश्विक पहचान: टाइम्स स्क्वायर पर पांच सौ महिलाओं ने भिन्न शैलियों की साड़ियों का प्रदर्शन किया

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के मशहूर टाइम्स स्क्वायर पर साड़ियों में सजी सैकड़ों महिलाओं ने साड़ी की वैश्विक पहचान को प्रदर्शित करने के मकसद से एक विशेष कार्यक्रम में साड़ियों की खूबसूरती, विरासत और सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया। इसमें भारतीय-अमेरिकी समुदाय की महिलाओं के साथ करीब 9 देशों की



महिलाओं ने हिस्सा लिया।

टाइम्स स्क्वायर पर शनिवार को आयोजित साड़ी गोज ग्लोबल कार्यक्रम में भारतीय समुदाय सहित उन नौ देशों की 500 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया जहां साड़ी लोकप्रिय परिधान है। इन देशों में भारत के साथ-साथ बांग्लादेश, नेपाल, ब्रिटेन, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, युगांडा, त्रिनिदाद और गुयाना शामिल हैं। इस कार्यक्रम के दौरान खादी सहित विभिन्न प्रकार के कपड़ों पर उत्कृष्ट कढ़ाई एवं शैलियों वाली रंग-बिरंगी साड़ियां पहनी हुई महिलाओं ने अपने संग्रह का प्रदर्शन किया, राष्ट्रीय ध्वज लहराए, एक साथ नृत्य किया और इसकी तस्वीरें विभिन्न सोशल मीडिया पर साझा कर साड़ी की खूबसूरती और उसकी सांस्कृतिक पहचान की बातें कीं।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# राफा में इस्लामिक जिहाद कमांडर मारा गया : आईडीएफ

**यरूशलम।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने इस्लामिक जिहाद राफा ब्रिगेड के एक वरिष्ठ कमांडर ऐमान जाराब को मार गिराया।

आईडीएफ ने बताया कि दक्षिणी गाजा शहर में हवाई हमले किए गए, जिसमें ऐमान जाराब मारा गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने आईडीएफ के हवाले से बताया कि जाराब ने 7 अक्टूबर को किबुत्ज सूफा और गाजा पट्टी की सीमा से लगी सूफा सैन्य पोस्ट पर हमले के



दौरान इस्लामिक जिहाद की विशिष्ट सेनाओं को निर्देशित किया था।

आईडीएफ के अनुसार, जाराब ने कई हमलों की कमान और निर्देशन किया था। पिछले कुछ दिनों में उसने इजरायली सेना के खिलाफ दक्षिणी गाजा पट्टी में लड़ाई के लिए इस्लामिक जिहाद की तैयारियों का नेतृत्व किया था।

इजरायली सेना ने बताया कि हमले के दौरान जाराब के साथ दो अन्य इस्लामिक जिहाद कार्यकर्ता भी मारे गए।

# अफगानिस्तान में बाढ़ व तूफान से मरने वालों की संख्या पहुंची 10



**काबुल।** पश्चिमी अफगानिस्तान में तेज बारिश और बाढ़ के कारण 10 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रांतीय निदेशक मूसा अशहारी ने पुष्टि की है कि कुछ दिनों में हेरात प्रांत में भारी बारिश और बाढ़ से सात लोगों की मौत हो गई।

स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि इसी तरह, बारिश और बाढ़ के कारण हेरात के पड़ोसी फराह प्रांत में तीन लोगों की जान चली गई।

अप्रैल में अफगानिस्तान में तूफान और बाढ़ से 70 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।